दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 87 | जयपुर, बुधवार, 06 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### फेसबुक और इंस्टाग्राम 45 मिनट से ज्यादा रहा डाउन



**नई दिल्ली।** जानी मानी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक और इंस्टाग्राम के सर्वर में मंगलवार को तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से यूजर्स को अपने अकांउट को लॉगइन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या भारत के साथ ही दुनिया के कई दूसरे देशों में भी देखने को मिली। करीब 45 मिनट से ज्यादा तक यह समस्या बनी रही। इसके बाद मेटा ने अपने दोनों प्लेटफॉर्म्स पर सर्विसेज दोबारा बहाल कर दी। फेसबुक और इंस्टाग्राम यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X के जरिए एप्प में लॉग इन नहीं करने की शिकायतें शुरू कर दी।

### फ्रांस: महिलाओं को दिया गर्भपात का संवैधानिक अधिकार

**पेरिस।** फ्रांस दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया है जिसने गर्भपात के अधिकार को अपने संविधान में जगह दे दी है। बता दें कि दुनियाभर एंटी अबॉर्शन ग्रुप इस फैसले का विरोध कर रहे थे। बावजूद इसके मैक्रों की सरकार ने सख्ती दिखाई और बड़ा फैसला ले लिया। फ्रांस की संसद में इस विधेयक के पक्ष में 780 वोट पड़े। वहीं विरोध में केवल 72 वोट ही पड़े। बहुत सारे अबॉर्शन राइट्स ऐक्टिविस्ट पैरिस में इकट्ठा हुए थे और इस फैसले का स्वागत कर रहे थे। बताया जा रहा है कि फ्रांस की सरकार महिला दिवस के मौके पर बड़ा कार्यक्रम करेगी और इस फैसले का जश्न मनाएगी। फ्रांसीसी वामपंथी इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे हैं। कैथोलिक चर्च ने भी इस विधेयक का विरोध किया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी की दुनिया के सबसे बड़े धन कुबेरों की लिस्ट**

# बेजोस दुनिया के सबसे अमीर आदमी, मस्क का छिना ताज

एजेंसी | नई दिल्ली

दुनियाभर के अमीरों की लिस्ट में बड़ा हेरफेर देखने को मिला है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, एक्स और टेस्ला के मालिक और दिग्गज कारोबारी एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रहे। दुनिया के सबसे अमीर शख्स का तमगा अब जेफ बेजोस के पास चला गया है।

टेस्ला इंक के शेयरों में 7.2% की गिरावट के बाद एलन मस्क ने सबसे अमीर शख्स की पोजिशन ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में खो दी है। इंडेक्स के अनुसार अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस ने दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के रूप में एलन मस्क को पीछे छोड़ दिया है।

सोमवार को टेस्ला के शेयरों में 7.2% की गिरावट के बाद जेफ बेजोस अब 200.3 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि एलन मस्क की कुल संपत्ति 197.7 बिलियन डॉलर है। साल 2021 के बाद यह पहली बार है जब 60 वर्षीय बेजोस ने सबसे धनी व्यक्ति का खिताब हासिल किया है।



### अंबानी 11वें नंबर पर और अडाणी 12वें पर

दुनिया के अमीरों की लिस्ट में टॉप 10 में नौ अमेरिका के हैं। स्टीव बालमर 143 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। अमेरिका के दिग्गज इन्वेस्टर वॉरेन बफे 133 अरब डॉलर के साथ सातवें नंबर पर हैं। लैरी एलिसन (129 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (122 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (116 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 115 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं। सोमवार को उनकी नेटवर्थ में 1.24 अरब डॉलर की तेजी आई। इस साल उनकी नेटवर्थ 18.2 अरब डॉलर बढ़ी है। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अंबानी से एक स्थान नीचे 12वें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 19.2 अरब डॉलर की तेजी आई है।

### कौन हैं जेफ बेजोस

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस का जन्म 12 जनवरी, 1964 अल्बुकर्क, न्यू मैक्सिको में हुआ था। उनकी मां का नाम जैकी और पिता का नाम टेड जोर्गेनसन था। 15 साल की उम्र में वे अमेरिका आए थे और उन्होंने अपने दम पर अल्बुकर्क विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। 1986 में प्रिंसटन विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। जेफ बेजोस की शुरुआत 5 जुलाई, 1994 को सिएटल गैराज से की थी। शुरुआत में यह एक ऑनलाइन बुक स्टोर की तरह थी, लेकिन बाद में इसका विस्तार ऑडियो, वीडियो स्ट्रीमिंग और डाउनलोड तक हुई और अब इस ई-कॉमर्स वेबसाइट में फर्नीचर, कपड़े और तमाम गैजेट्स उपलब्ध हैं।

**एसआई भर्ती पेपर लीक केस में SIT का बड़ा खुलासा**

# जयपुर के केंद्र से ही लीक हुआ था SI भर्ती का पेपर

**केंद्र अधीक्षक और परीक्षा में चयनित टॉपर समेत 15 अरेस्ट**

## आरपीएससी ने कराई थी वर्ष 2021 में एसआई भर्ती परीक्षा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने बड़ा एक्शन लिया है। सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 के टॉपर के साथ ही 15 ट्रेनी पुलिस अफसरों को अरेस्ट कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए ट्रेनी अफसरों में 9 पुरुष और 6 महिलाएं हैं। यह सभी राजस्थान पुलिस एकेडमी में ट्रेनिंग ले रहे थे। सोमवार की देर रात हुई इस कार्रवाई के बाद गिरफ्तार हुए सभी प्रशिक्षु अफसरों से पूरी रात पूछताछ की गई। इसके बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही मंगलवार को इस मामले में 40 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

आरपीएससी द्वारा वर्ष 2021 में आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का भी पेपर माफियाओं ने लीक कर दिया था। एसओजी की एसआईटी की जांच में यह खुलासा हुआ है। एसओजी ने जांच के बाद केंद्र अधीक्षक, परीक्षा के टॉपर समेत 15 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया। एसओजी की कार्रवाई के बाद सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग भी उठने लगी है। हालांकि इससे पहले जब भी पेपर लीक माना जाता था तो सरकार उस परीक्षा को रद्द करके फिर से आयोजित कराती आई है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया पेपर लीक जयपुर के हसनपुरा में शांति नगर स्थित परीक्षा केंद्र रविंद्र बाल भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल से हुआ था। इस मामले में अभी तक सेंटर सुपरिटेंडेंट राजेंद्र खंडेलवाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेपर नकल माफिया जगदीश बिश्नोई, हर्षवर्धन मीणा, अशोक नाथावत व शिवरतन समेत अन्य को मोटी रकम लेकर उपलब्ध कराया था।

### महिला की जगह पुरुष ने दिया पेपर

एसओजी की जांच में सामने आया कि आरोपी महिला अभ्यर्थियों में से एक महिला अभ्यर्थी ऐसी है, जिसकी जगह पर पुरुष अभ्यर्थी ने पेपर दिया था। एसओजी ने अब उसके खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है, जबकि चयनित कई अन्य अभ्यर्थियों की जगह पर डमी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। एसओजी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि नकल माफियाओं द्वारा डमी अभ्यर्थी बैठाने और सॉल्वड पेपर के लिए 15 से 20 लाख रुपए एक-एक अभ्यर्थी से लिए थे।

### जगदीश ने उगले पेपर लीक के राज

एसओजी टीम बीते दिवस राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची। टीम ने ट्रेनिंग ले रहे 12 सब-इंस्पेक्टर को पकड़ा था। साथ ही किशनगढ़ ट्रेनिंग सेंटर, भीनमाल और गुडामालानी से भी एक-एक को हिरासत में लिया था। टीम उनको लेकर जयपुर एसओजी मुख्यालय आई थी। एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा लीक होने का अलग से मामला दर्ज किया है। एसओजी को 29 फरवरी को गिरफ्तार जेईएन भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश बिश्नोई से हुई पूछताछ के बाद कई चौकाने वाली जानकारी मिली थी। उसी के आधार पर एसओजी ने यह कार्रवाई की थी। जगदीश ने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में भी तमाम कैंडिडेट्स को पेपर उपलब्ध कराए थे।



मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पहुंचे SOG ऑफिस, बोले...

## पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सबूत हैं मेरे पास

**जयपुर।** पुलिस उप निरीक्षक भर्ती को लेकर मंगलवार को कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक भर्ती में 50 परसेंट से अधिक फर्जी अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर उन्होंने एडीजी वीके सिंह से मुलाकात की और कई सबूत पेश किए। इसके अलावा आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष को लेकर एक वीडियो भी सौंपा। उन्होंने कहा कि शिव सिंह राठौड़ भी जांच के घेरे में है। उनके खिलाफ भी जांच होनी चाहिए। एसओजी के एडीजी वीके सिंह से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. किरोड़ी ने कहा कि मेरे पास कई ऐसे दस्तावेज और सबूत हैं जिससे पता चलता है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में किन-किन लोगों ने पेपर लीक में सहयोग किया। उधर, एडीजी वीके सिंह ने किरोड़ी लाल मीणा से कहा कि आप अपने स्तर पर इस परीक्षा को रद्द करवाने का प्रयास करें। किरोड़ी ने मीडिया में भी कहा कि सरकार से परीक्षा रद्द करवाने के लिए बात करेंगे।

**500 बसों के संचालन के लिए 105 करोड़ मंजूर**

# जयपुर समेत 7 शहरों में चलेगी इलेक्ट्रिक बस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रदेश के 7 शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसे संचालित करेगी। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने की स्वीकृति जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा की क्रियान्विती में प्रदेश के जयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, भरतपुर एवं उदयपुर शहरों में नगरीय बस सेवा के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे आमजन को प्रदूषण रहित आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा मिलने से आमजन को त्वरित एवं बेहतर परिवहन सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे जहां पेट्रोल-डीजल की बचत होगी, वहीं प्रदूषण भी कम होगा और लोगों को बेहतर जीवन शैली का लाभ मिलेगा। इन बसों का संचालन एवं संधारण स्वायत्त शासन विभाग द्वारा कंवर्जेन्स एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (CESL) के माध्यम से किया जाएगा। इससे राज्य सरकार पर लगभग 105 करोड़ रुपए से ज्यादा का वित्तीय भार आएगा।



### जयपुर में चलेंगी 300 इलेक्ट्रिक बसें

बजट घोषणा की क्रियान्विती में जयपुर में 300, जोधपुर में 70, कोटा में 50, उदयपुर में 35, अजमेर में 30 तथा बीकानेर एवं भरतपुर में 15 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने वर्ष 2024-25 के लेखानुदान (बजट) में प्रदेश वासियों को प्रदूषण रहित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने तथा पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए सार्वजनिक परिवहन में ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए इंटर स्टेट के साथ-साथ राज्य के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा आदि बडे शहरों में 500 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाने की घोषणा की थी।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकार की सौगात**

# 8 मार्च को महिलाओं का नहीं लगेगा रोडवेज में किराया

बेधड़क | जयपुर

हर साल की तरह इस बार भी राजस्थान रोडवेज ने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में महिलाएं, छोटी बच्चियों के लिए बसों में फ्री सफर करवाने का निर्णय किया है। प्रशासन ने रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा के निर्देशों पर इसके आदेश जारी कर दिए हैं। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि रोडवेज की समस्त साधारण और एक्सप्रेस बसों में फ्री सफर की सुविधा 7 मार्च रात 12 बजे से मिलेगी और 8 मार्च रात 11.59 बजे तक जनरेट होने वाली टिकटों पर इसका लाभ मिलेगा। फ्री ट्रेवल की सुविधा का लाभ केवल राजस्थान राज्य की सीमा के अंदर ही मिलेगा। अगर कोई राजस्थान की सीमा से बाहर जैसे दिल्ली, आगरा, मथुरा या दूसरे राज्यों के शहरों में जाता है तो उससे राज्य की सीमा तक किराया नहीं लिया जाएगा। उसके आगे का किराया वसूला जाएगा।



**लोकसभा चुनाव**

# कांग्रेस का इस बार सिर्फ जीत पर फोकस, खोज रही 'करिश्माई' प्रत्याशी

- गहलोत, पायलट और डोटासरा जैसे दिग्गज नेताओं ने चुनाव लड़ने से किया मना
- कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2009 के फॉर्मूले पर खोज रही है उम्मीदवार

बेधड़क | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की 25 में से 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है, लेकिन कांग्रेस अभी तक अपने प्रत्याशी खोज नहीं पाई है। हालांकि बीजेपी की पहली सूची आने के बाद कांग्रेसी खेमे में हलचल तेज हो गई है।

दो लोकसभा चुनाव से कांग्रेस लगातार सभी 25 सीटें हार रही है। ऐसे में वह फिर से 2009 के करिश्माई फॉर्मूले को अपनाने पर विचार कर रही है, ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का खाता खुल सके। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि पीसीसी ने अधिकांश सीटों पर दो से तीन नामों का पैनल तैयार कर लिया है, लेकिन बीजेपी के टिकट की घोषणा के बाद से अब फिर से इन नामों पर विचार कर रही है। ताकि बदले समीकरण के हिसाब से जिताऊ उम्मीदवारों का चयन हो सके। कांग्रेस का इस बार जिताऊ चेहरों को मैदान में उतारने पर जोर है, ताकि पार्टी का लोकसभा चुनावों में खाता खुल सके।



### दिग्गज नेता चुनाव लड़ने में नहीं दिखा रहे रुचि

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा कई दिग्गज नेताओं को राज्यसभा की जगह लोकसभा चुनाव लड़ा रही है, जबकि पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई दिग्गज नेताओं ने चुनावी मैदान में उतरने को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई है। पार्टी सूत्र कहते हैं कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस 2009 के करिश्मे जैसी उम्मीद कर रही है। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था। 25 में से 20 सीटों पर कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। 2009 के चुनाव में पार्टी ने सेलिब्रिटी उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। इनमें से कोई राजपरिवार से जुड़ा था, कोई खिलाड़ी था तो काई पूर्व चर्चित अफसर था। उसी का प्रभाव था कि पार्टी ने 20 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस इस बार भी इसी फॉर्मूले पर उम्मीदवार खोज रही है।

### बीजेपी के बागियों पर भी नजर

भाजपा ने जिन सांसदों का टिकट काटा, उन पर भी कांग्रेस दांव लगाने पर विचार कर रही है। इसके अलावा कमजोर सीटों पर छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन और लोक कलाकार, खिलाड़ी और पूर्व सैन्य अफसरों को भी मैदान में उतारने के बारे में विचार किया जा रहा है।

### जातिगत समीकरण पर रहेगा फोकस

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जातिगत समीकरण को पूरी तरह से साधेगी। इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। भाजपा के घोषित उम्मीदवारों के नाम के हिसाब से कांग्रेस किलेबंदी करने की तैयारी में है। जयपुर में ब्राह्मण, जयपुर ग्रामीण में जाट या यादव, शेखावाटी में जाट को मैदान में उतारने की पूरी तैयारी हो रही है। कुछ नाराज मजबूत चेहरों को भी पार्टी में लाने की तैयारी है। पार्टी चुनाव जीतने के लिए पूरा फोकस कर रही है।

## जरूरी खबर

### शशिकांत शर्मा को रजिस्ट्रार पद से हटाया



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान नर्सिंग काउंसलिंग के रजिस्ट्रार शशिकांत शर्मा को सरकार ने पद से हटा दिया है। शर्मा को हटाने के पीछे प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया गया है। हालांकि अभी उनकी जगह रजिस्ट्रार पद पर किसी को नियुक्ति नहीं दी है। गौरतलब है कि शशिकांत को अक्टूबर 2021 में तत्कालीन गहलोत सरकार के समय काउंसिल का रजिस्ट्रार बनाया गया था। तत्कालीन चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा के करीबी होने के चलते उन्हें ये अहम जिम्मेदारी दी गई थी।

### पूर्व सीएम अशोक गहलोत की बड़ी बहन का निधन

**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश के पूर्व सीएम अशोक गहलोत की बड़ी बहन विमला देवी कच्छवाहा का 90 साल की उम्र में मंगलवार को लालसागर स्थित निवास स्थान पर निधन हो गया। विमल देवी पिछले लंबे समय से बीमार चल रहीं थी। तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर घर पर जांच के लिए पहुंचे थे। गहलोत ने उनके निधन को लेकर दुख जताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि मेरी बहन की कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। वो मेरी मां के समान थीं। अंतिम यात्रा बुधवार सुबह दस बजे उनके निवास स्थान से माली समाज के रामबाग महामंदिर स्थित स्वर्ग आश्रम जाएगी। गहलोत बुधवार सुबह जोधपुर पहुंचेंगे और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होंगे।

### उत्साह से मनाया गोपाल शर्मा का जन्मदिन



**बेधड़क. जयपुर।** सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा का जन्मदिन मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर सिविल लाइंस के भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों ने विधायक गोपाल शर्मा का अभिनंदन किया। शर्मा के जन्मदिन पर सोडाला के बाल निवास में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ढाई सौ से ज्यादा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने गोपाल शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान सामूहिक सुंदरकांड के आयोजन से माहौल भक्तिमय नजर आया। शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के पुरानी चुंगी दाह संस्कार गृह का पुनरुद्धार कार्य करीब एक करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा।

## ‘राजनैतिक आख्यान संग्रहालय’ को लोगों से जोड़ने के लिए विधानसभाध्यक्ष ने ली उच्च स्तरीय बैठक

# देश के पर्यटन नक्शे में जुड़ेगा विधानसभा का डिजिटल म्यूजियम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा का डिजिटल म्यूजियम 'राजनैतिक आख्यान संग्रहालय' देश के पर्यटन नक्शे में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि संग्रहालय को देश के ज्यादा से ज्यादा लोग विशेषकर युवा पीढ़ी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और देश व विदेश से आने वाले पर्यटक देखें, इसके लिए नये सिरे से प्रयास कर नवीन रणनीति तय की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी मंगलवार को विधान सभा में डिजीटल म्यूजियम को देश के पर्यटन नक्शे में जोड़ने, अधिक से अधिक लोगों को संग्रहालय दिखाने और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।



### युवा पीढ़ी को दिखाया जाएगा संग्रहालय

देवनानी ने कहा कि इस संग्रहालय का व्यापक प्रचार-प्रसार ऑनलाईन और ऑफलाइन स्तर पर किया जाएगा। राज्य के विभिन्न पर्यटन के कार्यक्रमों के साथ भी इसे जोड़ा जाएगा। राज्य के पर्यटन विभाग की वेबसाइट और उनके द्वारा संचालित विभिन्न एप में भी इस संग्रहालय की जानकारी होगी। देवनानी ने बताया कि विधान सभा का राजनैतिक आख्यान संग्रहालय डिजिटल म्यूजियम है। इस म्यूजियम में 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग, एनिमेटेड डायोरामा, इंटरेक्टिव कियोस्क, होलोग्राम, वर्चुअल रियलिटी, टॉकबैक स्टूडियो, फिल्म्स ऑन स्क्रीन, मैकेनाईज्ड इंस्टॉलेशन और डायनामिक इंस्टॉलेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। देवनानी ने कहा इस संग्रहालय में राजस्थान राज्य के निर्माण में भागीदार रहे निर्माताओं के योगदान, वर्तमान राजस्थान एवं उसकी संरचना, विधान सभा की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न प्रक्रियाएं, राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री तथा विधान सभा के अध्यक्षों के साथ ही राजस्थान के निर्वाचन क्षेत्र और विधायकों की जानकारी को एक स्थान पर देखा जा सकता है। यह संग्रहालय राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और राजनैतिक इतिहास को प्रदर्शित करता है।

### निशुल्क रहेगा प्रवेश

देवनानी ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, देश के विभिन्न राज्यों व अन्य देशों से आने वाले अध्ययन दलों को इस संग्रहालय का अवलोकन करवाये जाने के लिए राज्य सरकार का स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगा। देवनानी ने कहा कि राज्य की समृद्ध संस्कृति और इतिहास की जानकारी युवा पीढ़ी को अवश्य कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह म्यूजियम आम लोगों के अवलोकन के लिए खुला हुआ है। कोई भी व्यक्ति इस म्यूजियम का अवलोकन प्रात:10 से सांय 5 बजे तक विधानसभा में आकर कर सकता है। म्यूजियम के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क देय नहीं है। कोई भी व्यक्ति अपने पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ विधानसभा के द्वार संख्या-07 से नि:शुल्क प्रवेश लेकर संग्रहालय का अवलोकन कर सकता है। इस संग्रहालय में प्रवेश कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के सामने से किया जा सकता है। यह संग्रहालय रविवार को भी खुला रहता है। संग्रहालय का साप्ता अवकाश शनिवार को होता है।

## सतत विकास के लक्ष्यों में तेजी लाने पर सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री...

# राम राज्य में मनुष्य के साथ प्रकृति का भी कल्याण निहित

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना में केवल मानव जाति का ही नहीं अपितु समस्त जीव-जन्तुओं, पृथ्वी और प्रकृति का कल्याण निहित है। प्रकृति में बेहतर सामंजस्य और संतुलन के आधार पर ही मानव जाति का विकास संभव है। इसलिए हमें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए।

शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सतत् विकास लक्ष्यों में तेजी लाने संबंधी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन के दूसरे दिन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीव-जन्तुओं की कई प्रजातियों का लुप्त होना चिंताजनक है। इन्हें बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मानव जाति का अस्तित्व भी खतरे में है। इसीलिए हमें हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना चाहिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यूएनडीपी एसडीजी नॉलेज हब पोर्टल, राज्य सरकार द्वारा तैयार एसडीजी-2 डेशबोर्ड तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विश्लेषण डेशबोर्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा एसडीजी के संबंध में किए गए कार्यां पर आधारित स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी.के. पॉल, वरिष्ठ सलाहकार (एसडीजी) डॉ. योगेश सूरी, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक शोम्बी शार्प, आयोजना विभाग के शासन सचिव नवीन जैन सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सम्मेलन के प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।



### अंत्योदय के संकल्प को साकार कर रही राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प में मानव कल्याण की भावना निहित है। राज्य सरकार इसी संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी मानना है कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के संकल्प के साथ ही राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

### प्रकृति संतुलन वर्तमान समय की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति अद्भुत है। यहां प्रत्येक प्राणी का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर है और एक जीव दूसरे जीव का पालनहार है। प्रकृति के इसी संतुलन को बनाए रखना वर्तमान समय की आवश्यकता है। हमें हमारी आवश्यकताओं के अलावा भी प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थानवासियों में प्रकृति के प्रति लगाव के कई उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलते हैं जिनमें अमृता देवी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

### मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र की जानी कुशलक्षेम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को झोटवाड़ा के बैंक कैशियर नरेन्द्र सिंह शेखावत और उनके परिजनों के साथ मणिपाल अस्पताल में मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी एवं चिकित्सकों से उनकी सेहत के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कैशियर नरेन्द्र सिंह ने झोटवाड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लूट की वारदात को नाकाम किया था। दो गोलियों लगने के बावजूद उन्होंने बहादुरी से अपराधियों से लोहा लिया। अस्पताल में कई दिन लगातार मौत से जूझते हुए अन्त में नरेन्द्र जिन्दगी की जंग जीत गए।



## CM से मिले अलवर सांसद प्रत्याशी यादव

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी ही असली गारंटी: भूपेन्द्र यादव

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय मंत्री औऱ लोकसभा चुनाव में अलवर से बीजेपी प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर हो रहा है, मोदी की गारंटी ही असली गारंटी है। टिकट घोषणा के बाद मंगलवार को भूपेन्द्र यादव पहली बार जयपुर आए।

उन्होंने सीएमआर में सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। वहीं प्रदेश बीजेपी कार्यालय पहुंचकर बीजेपी नेताओं से चर्चा की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अलवर में बाबा बालकनाथ का आशार्वाद उनकी जीत का मार्जिन बढ़ाएगा। भूपेन्द्र यादव ने बीजेपी कार्यालय पहुंचने पर कहा कि मुझे पार्टी ने अलवर से चुनाव लड़ने का अवसर दिया है। इसके लिए मैं केन्द्रीय नेतृत्व के साथ सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर होने वाला है। 2047 तक मजबूत भारत और विकसित भारत बने, इस संकल्प के लिए हम प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाने का काम करेंगे। इस बार 400 पार, एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि हम भारत को विकसित भारत बनाने में लगे है। इसमें कांग्रेस कहीं भी दिखाई नहीं देती है।

### कांग्रेस सरकार में नौकरियों की लूट हुई

बीजेपी कार्यालय पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने एसओजी की कार्रवाई पर कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में हम विधानसभा में चिल्लाते रहे, सब इंस्पेक्टर की परीक्षा को लेकर भी हमने सवाल किए। लेकिन, सरकार मौन रही। राठौड़ ने सीएम भजनलाल शर्मा को कार्रवाई के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब बेरोजगारों में ये विश्वास हो गया है कि जो धोखाधड़ी करेगा, उसका स्थान जेल में होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की सरपरस्ती में चलने वाले पेपर माफिया के चेहरे से आखिर आधा नाकाब हट गया है कि किस प्रकार सुनियोजित षडयंत्रपूर्वक नौकरियों की लूट गहलोत सरकार के समय में होती रही।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देश पर किया गठन

# किसान मोर्चा के 34 जिलाध्यक्ष बदले

बेधड़क | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार 34 जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है।




मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर शहर का जिलाध्यक्ष अविनाश सैनी, जयपुर देहात दक्षिण का बलवीरसिंह जाबड़ शेखावत, जयपुर देहात उत्तर का सरदारमल यादव, सीकर का बनवारी लाल यादव, झुंझुनूं का रतन सिंह तंवर, अलवर उत्तर का बृजमोहन तंवर, अलवर दक्षिण का योगेंद्र चौधरी, दौसा का धारासिंह दडगस, भरतपुर का गौरव सिंह, सवाईमाधोपुर का जिलाध्यक्ष धनसिंह मावई को बनाया गया है। इसी तरह कोटा शहर का जगन्नाथ नागर, कोटा देहात का ओम नागर अडूसा, बूंदी का पोखरलाल नागर, प्रतापगढ का प्रेमसिंह झाला, राजसमंद का मोतीसिंह रावत, डूंगरपुर का बंशीलाल पाटीदार, अजमेर देहात का भंवरलाल बूला, भीलवाड़ा का शंकरलाल जाट, नागौर शहर का मदन गौरा, नागौर देहात का श्याम प्रतापसिंह रूंवा, जोधपुर देहात उत्तर का रामनारायण जांगू, जोधपुर देहात दक्षिण का जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई को नियुक्त किया गया है।

इसी तरह बालोतरा जिले का अध्यक्ष पप्पुराम बिश्नोई, पाली का दिग्विजयसिंह राठौड़, उदेशीकुआ, सिरोही का हेमेंद्रसिंह देवड़ा, जालौर का धूखाराम पुरोहित, जैसलमेर का हाथीसिंह मूलाना, बीकानेर शहर का चंद्रमोहन जोशी, बीकानेर देहात का भंवरलाल जांगिड़, श्रीगंगानगर का सतपाल कासनिया, हनुमानगढ़ का सुनील बेनीवाल, चूरू का ओमप्रकाश खीचड़, धौलपुर का धर्मेंद्रसिंह कसाना तथा बाड़मेर जिला का जिम्मा पुरखाराम मांजू (बिश्नोई) को सौंपा गया है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में सीएमई कार्यशाला का आयोजन

# पादपों के चिकित्सकीय महत्व पर हुई चर्चा

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के द्रव्यगुण विज्ञान विभाग की ओर से 4 मार्च से 9 मार्च तक शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई कार्यशाला द्रव्यगुण तत्व प्रबोधनी विषय पर आयोजित हुई।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता संस्थान के कुलसचिव प्रो. ए. राममूर्ति, विभागाध्यक्ष, द्रव्यगुण विभाग द्वारा की गई। द्रव्य गुण विज्ञान विभाग द्वारा आयुर्वेदचिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न औषधीय पादपों के गुण कर्म तथा उपयोगिता को दर्शाने के लिए 6 दिवसीय चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द्रव्य गुण विज्ञान विभिन्न वनौषधियों की पहचान, नामकरण, गुणकर्मों तथा अनुसंधानसे संबंधित शाखा है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न व्याख्यानों के माध्यम से औषधीय पादपों का विस्तृत वर्णन, चिकित्सकीय क्षेत्र में उनका प्रयोग, पहचान, नामकरण तथा गुणधर्मो का विस्तृत विवेचन किया गया। साथ ही वर्तमान परिपेक्ष्य में औषधियों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उनकी संरक्षण विधियों पर जोर दिया गया। विभिन्न संस्थाओं द्वारा किये जा रहे नवीनतम शोध तथा अध्यतन जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थान के उप-कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, विशिष्ट अतिथि पूर्व निदेशक प्रो. महेश चन्द्र शर्मा एवं अन्य अतिथियों के रूप में संस्थान के विभिन्न सकायों के डीन एवं विभागाध्यक्षों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ. सुदिप्त रथ, डॉ. सुमित नत्थानी एवं द्रव्यगुण विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



## चिकित्सा मंत्री के निर्देशों के बाद शुरू हुआ था सघन निरीक्षण अभियान

# नई सरकार ने मिशन मोड में टटोली 7600 अस्पतालों की नब्ज

बेधड़क | जयपुर

प्रदेशभर में चिकित्सा संस्थानों का मिशन मोड में निरीक्षण होने से आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा संस्थानों की स्थिति में बड़ा सुधार सामने आया है।

विगत करीब 5 सप्ताह से चल रहे इन सतत निरीक्षणों से चिकित्सा संस्थानों में जांच एवं उपचार, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, वार्ड एवं भवन की स्थिति सहित अन्य सेवाओं संबंधी मानकों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। उल्लेखनीय है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह के निर्देशों के बाद विभाग ने आदेश जारी कर 24 जनवरी से प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए थे। प्रदेश में 3 मार्च तक चिकित्सा संस्थानों के 7600 से अधिक निरीक्षण किए गए। इन निरीक्षणों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार पहले निरीक्षण से लेकर चौथे निरीक्षण तक स्वास्थ्य सेवाओं में आशानुकूल सुधार देखने को मिला है।



फाइल फोटो

### आपातकालीन सेवाओं में हुआ सुधार

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि पहले निरीक्षण के समय चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी एवं आईपीडी सेवाओं के प्रति संतुष्टि का स्तर 75 प्रतिशत था, जो चौथे निरीक्षण के समय बढ़कर 92 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार चिकित्सा संस्थानों के भवनों की स्थिति को लेकर संतुष्टि का स्तर 61 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत, लेबर रूम की स्थिति का स्तर 47 प्रतिशत से बढ़कर 82 प्रतिशत, वार्ड में बैडशीट की स्थिति का स्तर 55 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत, आपातकालीन सेवाओं में संतुष्टि का स्तर 28 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत, संविदा कार्मिकों को मानदेय की स्थिति में सुधार 29 प्रतिशत से बढ़कर 74 प्रतिशत हो गया है।

### 95 प्रतिशत संस्थानों में निःशुल्क दवा योजना का सुचारू संचालन

निदेशक, जनस्वास्थ्य रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि निरीक्षण के बाद से चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 95 प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना एवं 91 प्रतिशत संस्थानों में मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना का सुचारू संचालन होना पाया गया। इसी प्रकार 73 प्रतिशत संस्थानों में मानव संसाधान, 63 प्रतिशत संस्थानों में भवन की स्थिति संतोषजनक पाई गई। अधिकांश चिकित्सा संस्थानों में अब कार्मिकों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जा रही है। प्रदेश के 86 प्रतिशत संस्थानों में बाहरी साफ-सफाई नियमित हो रही है, 77 प्रतिशत संस्थानों में रैम्प बने हुए हैं। केवल 8 प्रतिशत संस्थानों में शौचालयों की साफ-सफाई तथा 4 प्रतिशत संस्थानों में वार्ड में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई है। उल्लेखनीय है कि राजधानी से लेकर गांव-ढाणी तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने एवं सुदृढ़ चिकित्सा प्रबंधन की सोच के साथ प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारी नियमित रूप से चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इन निरीक्षण के आधार पर हर चिकित्सा संस्थान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। जहां भी स्वास्थ्य सेवाओं में खामियां सामने आ रही हैं, उनमें तत्काल प्रभाव से सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

# NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR

Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s 2(f) of the UGC Act 1956

शिक्षा • संस्कार • सामर्थ्य

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR ESTD. 2017




ADMISSIONS OPEN 2024-25

**INNOVATION CULTURE**

Inculcate the Spirit of Innovation: Be part of a Culture that Fuels Creativity and Drives Progress

**BEST FACULTY**

Unlock Your Potential under the Guidance of the Best Faculty: Empowering Minds and Shaping Futures

**TOP PLACEMENT**

Elevate your Career to New Heights with Premier Placements, where Success Paves its way

**GLOBAL TIE-UPS**

Broaden your Horizons and Seize Limitless Opportunities across the Globe through International Partnerships

sas | idp | HIGHER SCHOOL OF ECONOMICS NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY

HOSPITALITY, TOURISM AND TRAVEL MANAGEMENT
COMMERCE AND MANAGEMENT | LEGAL STUDIES
NURSING SCIENCES | APPLIED HEALTH SCIENCES
COMPUTER APPLICATIONS | DENTAL SCIENCES
AGRICULTURE | PARAMEDICAL SCIENCES
ENGINEERING AND TECHNOLOGY | YOGA
ARTS, HUMMANITIES & SOCIAL SCIENCES
BASIC AND APPLIED SCIENCES
PHARMACEUTICAL SCIENCES

**25+** STATES | **20000+** STUDENTS' NETWORK

**25 Yrs'** OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

**100+ GLOBALLY RECOGNISED PROGRAMMES**

**Eligibility & Admission Criteria: As per relevant regulatory body**

**+91 92898 00300**

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- ICT Enabled Class Rooms
- Interdisciplinary Research Cell
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET also
- Innovative Teaching-Learning Methodologies
- Earn While Learn.

**City Office:**
21, Sahkar Marg, 1 Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur | Ph: 0141- 2228000

**Campus:**
Near Bassi-Rajadhok Toll, Agra Rd., Jaipur (Raj.)

**जरूरी खबर**

## वीडीओ के साथ मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार



**बारां।** थाना सदर के ग्राम पंचायत बैंगना के वीडीओ के साथ करीब एक महीने पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने ठेकेदार व उपसरपंच समेत तीन जनों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि 12 फरवरी को वीडीयो हुकुम सिंह एमआर चैक कर रहे थे। आरोपी रघु ठेकेदार, उपसरपंच योगेश कण्डारा व आशीष उर्फ गोलू ने मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुंचाई तथा मोबाइल भी तोड़ दिया। घटना की रिपोर्ट पर अनुसंधान जारी है।

## ट्रैक्टर मार्च में शामिल होंगी किसान यूनियन

**जयपुर।** राष्ट्रीय किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान नेता रामपाल जाट की अगुवाई में एमएसपी गारंटी कानून एवं किसानों के अन्य मुद्दों को लेकर ग्यारह मार्च को अजमेर से जयपुर तक किसानों के ट्रेक्टर कूच को भारतीय किसान यूनियन ने समर्थन दिया है। भारतीय किसान यूनियन (राज.) के प्रदेश अध्यक्ष किसान नेता राजपाल सिंह पूनियां ने कहा कि किसान नेता रामपाल सिंह एमएसपी गारन्टी कानून परंल लंबे समय से संघर्षरत है। ऐसे में दूदू से ट्रेक्टर मार्च में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं के साथ शामिल होकर प्रदर्शन किया जाएगा।

## जाहिदा खान की बेटी शहनाज प्रधान पद से निलंबित



**भरतपुर।** पूर्व मंत्री जाहिदा खान की बेटी व कामां प्रधान शहनाज खान को प्रधान पद से निलंबित कर दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्रा ने विभिन्न योजनाओं में स्वीकृति जारी करने और अनियमित भुगतान की शिकायत की थी। जांच में शहनाज खान को दोषी पाया गया और उन्हें मंगलवार को प्रधान के पद से निलंबित कर दिया गया। अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव के द्वारा जारी आदेश में बताया कि शहनाज खान द्वारा अनियमित भुगतान किया जाना और विभिन्न योजनाओं में स्वीकृति जारी करने के लिए नियमों का पालन नहीं किया जाना पाया गया है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। वह बैठक में भाग ले सकेंगी।

### एनएसयूआई की ओर से छात्र और किसानों के सम्मान में निकाली गई ट्रैक्टर रैली

# 'मेरा भविष्य और मेरा फैसला' हमारे नेताओं के हाथ में : धीरज

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

एनएसयूआई की ओर से भीलवाड़ा में छात्र स्वाभिमान व किसानों के सम्मान में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई। ट्रैक्टर रैली में शिरकत करने आए कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं कांग्रेस व राहुल गांधी का सच्चा सिपाही हूं मेरा भविष्य और मेरा फैसला मेरे हाथ में नहीं बल्कि हमारे नेता के हाथ में है।

धीरज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसान विरोधी बताया और कहा की किसानों के सम्मान में आज भीलवाड़ा से ट्रैक्टर रैली की शुरुआत हुई है जो प्रदेश के हर जिले में निकाली जाएगी। एनएसयूआई की ओर से आयोजित छात्र स्वाभिमान सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने शिरकत की।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष का छात्र संगठन ने शहर के सुखाड़िया सर्कल पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद भीलवाड़ा शहर में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाली गई।



### पीएम मोदी की किसान विरोधी नीतियां जनता को बताएंगें

धीरज गुर्जर ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा कि हमने किसानों के सम्मान में भीलवाड़ा शहर में ट्रैक्टर रैली निकाल कर संदेश दिया कि हिंदुस्तान के किसान के साथ एनएसयूआई का जवान और इस देश का जवान कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की किसान विरोधी नीतियों को जवान जनता तक पहुंचाने के लिए काम करेगी। धीरज गुर्जर ने कहा कि एनएसयूआई इसके लिए एक प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी जिसकी शुरुआत मंगलवार से भीलवाड़ा से हुई। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की छात्र शक्ति एकत्रित होकर हिंदुस्तान के किसानों को ताकत देने का काम किया है।

### किसानों के सम्मान में निकाली है ट्रैक्टर रैली

लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी के सवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि यह एक एनएसयूआई का प्रोग्राम है एक महीने से छात्रों ने तैयारी कर रहा था। मैंने भी राजनीति की शुरुआत एनएसयूआई से की है इसलिए एनएसयूआई मेरा परिवार है। पार्टी आपको प्रत्याशी बनाती है तो क्या आप चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो के सवाल पर धीरज गुर्जर ने कहा कि धीरज गुर्जर कांग्रेस व राहुल गांधी का सच्चा सिपाही है मेरा भविष्य ओर फैसला मेरे हाथ में नहीं बल्कि हमारे नेता के हाथ में हैं।

### एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी से निकाला

# डिग्गी खोदते समय मिट्टी धंसी दो बेटों की मौत, पिता घायल

**बेधड़क** | अनूपगढ़

पानी की डिग्गी खोदते समय पिता और दो बेटें मिट्टी में धंस गए। हादसे में दोनों पुत्रों की मौत हो गई। जबकि पिता अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। घटना जिले की घड़साना मंडी के गांव नौ एमजीएम की है। घड़साना एसएचओ कलावती देवी ने बताया कि पुलिस की ओर से दोनों सगे भाइयों के शवों का पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवा गया है। इस घटना में बंशीधर (60) के दोनों बेटे जगदीश (18) और तेजाराम (35) की मौत हो गई। तेजाराम शादीशुदा था और उसके दो बेटियां और एक बेटा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय यह हादसा हुआ। उस समय आसपास बाकी ग्रामीण भी खेत में मौजूद थे।

मिट्टी धंसते ही ग्रामीण मौके पहुंचे और शोर सुनकर पास ही की ढाणी में रह रहे इनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मिट्टी में दबे हुए पिता और उसके दोनों पुत्रों को ग्रामीणों ने निकालने का प्रयास किया। इसके बाद जेसीबी की सहायता से लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस की सहायता से तीनों को घड़साना सीएचसी ले जाया गया।



### चिनाई के समय मिट्टी धंसने लगी

राजकीय अस्पताल में भर्ती घायल पिता बंशीधर ने बताया कि मंगलवार दोपहर 2 बजे वह अपनी ढ़ाणी के पास ही खेत में अपने बेटे तेजाराम और जगदीश के साथ मिलकर डिग्गी बनाने के लिए खुदाई कर रहा था। खुदाई करते समय अचानक डिग्गी की मिट्टी धंस गई और मिट्टी धंसने की वजह से वह अपने दोनों बेटों के साथ मिट्टी के नीचे दब गया। इधर, ग्राम पंचायत 3/4 आरएसएम के सरपंच ताराचन्द ने बताया कि यह घटना उनकी पंचायत के गांव 9 एमजीएम की है। मनरेगा योजना के डिग्गी के निर्माण के लिए पैसे मिले थे। बंशीधर और उनके बेटे तेजाराम और जगदीश तीनों खुदाई कर रहे थे। मंगलगवार को डिग्गी में अंदर जाकर दिवारों की चिनाई कर रहे थे। अचानक मिट्टी धंस जाने से तीनों नीचे दब गए।

### परिवार पर आया संकट

क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी दुखद घटना है। इस घटना में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। ऐसे में पीड़ित परिवार पर अब गुजर बसर के लिए भी बहुत बड़ा संकट आ चुका है। ग्रामीण रवि कुमार पुत्र बृजलाल ने बताया कि जब तीनों दबे तो वो भी साथ के खेत में थे। हादसा होते ही हम लोग मिट्टी खोदने लगे, लेकिन काफी देर तक सफलता नहीं मिलने पर जेसीबी मंगवाई गई। जेसीबी से भी तीनों को बाहर निकालने में करीब एक घंटा लग गया। जब तीनों को बाहर निकाला गया तो बंशीलाल के दोनों बेटों का दम घुट चुका था। उनकी सांसे नहीं चल रही थी, लेकिन बंशीलाल जीवित था। उसे तुरंत घड़साना सीएचसी पहुंचाया गया।

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

**बारां।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के बामला के समीप झालावाड़-बारां मेगा हाईवे पर सोमवार देर रात बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपती घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद पति को मृत घोषित कर दिया। सदर थाना एएसआई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के धूमेन निवासी लक्ष्मी चंद्र राठौर और उनकी पत्नी रुक्मणी सोमवार को बारां में किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार रात को बाइक से दोनों वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के बामला के समीप बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें लक्ष्मी चंद (55) की मौत हो गई।

### आज से आंदोलन उग्र करने की चेतावनी

# कुशवाहा समाज आरक्षण के लिए बैठा धरने पर



**बेधड़क** | धौलपुर

आरक्षण की मांग को लेकर कुशवाहा समाज ने आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। आरक्षण संघर्ष समिति के बैनर तले कुशवाहा समाज मंगलवार को राजपूत छात्रावास पर धरने पर बैठ गया है।

जिला प्रशासन और राज्य सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया। इनकी तरफ से कहा गया कि अगर सरकार ने 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग एवं लव कुश बोर्ड को वित्तीय बोर्ड का दर्जा नहीं दिया, तो बुधवार से कुशवाहा समाज उग्र आंदोलन करेगा। आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक वासुदेव कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार को कुशवाहा समाज की महापंचायत होनी थी, लेकिन प्रशासन से परमिशन नहीं मिलने की वजह से विशेष पंचायत में बदल दिया गया।

उन्होंने बताया प्रदेश स्तरीय कुशवाहा समाज के लोगों ने गंगाजल की कसम लेकर निर्णय लिया है।

24 घंटे तक कुशवाहा समाज के लोग छात्रावास पर धरना दे रहे हैं। इसके बाद कुशवाह समाज अगली रणनीति तय करेगा। उन्होंने बताया कि कुशवाहा समाज के आरक्षण की जो बात करेगा, उसके पक्ष में वोट किया जाएगा।

### प्रशासन सतर्क

कुशवाहा समाज के आंदोलन को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। कुशवाहा छात्रावास पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी भी तैनात किए हैं। कुशवाहा समाज की हर गतिविधि पर प्रशासन द्वारा नजर रखी जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी में बुधवार को कुशवाहा समाज के लोग भारी तादाद में राजपूत छात्रावास पर लामबंद होकर एकत्रित होंगे। हाइवे और सड़क जाम के भी हालत बन सकते हैं।

### नियुक्ति पर अधिवक्ताओं ने किया सम्मान

# बार के 17 सदस्य बने नोटरीज

**बेधड़क** | चाकसू

दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से क्षेत्र में नवनियुक्त नोटरीज अधिवक्ताओ का स्वागत किया गया। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा राजस्थान राज्य के लिए प्रोविजनल नोटरीज नियुक्त किए गए हैं। जिसके तहत चाकसू क्षेत्र में भी दी बार एसोसिएशन चाकसू के सदस्यों में से लगभग 17 को नोटरीज नियुक्त किया गया है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा ने बताया कि नोटरीज की नियुक्ति से क्षेत्र की जनता के



नोटरीज से संबंधित कार्य सुलभ रूप से हो सकेंगे। अधिवक्ताओं में खुशी छाई। बार एसोसिएशन के महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा के नोटरी नियुक्त होने और खुशी है। साथ ही अन्य नवनियुक्त नोटरीज एडवोकेट रामलाल चौधरी, श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, त्रिवेणी श्याम शर्मा, रामरतन मीणा, मनमोहन कोली, रमेश महावर, राजेश यादव का सम्मान किया। इस अवसर पर एडवोकेट रामेश्वर प्रसाद चौधरी, मुकेश कुमार मामोडिया, दिलीप सिंह नरूका, राजेश चौधरी, प्रह्लाद जगरवाल, जितेंद्र गौतम, ग्यारसीलाल प्रजापत, अंकित सैनी, गोपाल प्रजापत, सोहनलाल सैनी, शुभम गोस्वामी, विनोद चौधरी, हेमराज प्रजापत, चंद्र प्रकाश टेलर आदि अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

# अबकी बार 400 पार के लिए जुटें दिग्गज

**बेधड़क** | दौसा

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की सभी 25 सीटों पर एक बार फिर से जीत दर्ज करने के इरादे से बीजेपी के दिग्गजों ने मोर्चा संभाल लिया है।

राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व मंगलवार को दौसा में यशोधरा लॉन में बैठक का आयोजन किया। बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बैठक में आए भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की



रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि देश की जनता 2024 लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर आश्वस्त है। जनता को विश्वास है कि देश सही हाथों में है। यही कारण है कि देश का हर व्यक्ति भाजपा से जुड़ना चाहता है।

साथ ही भाजपा की पहली लिस्ट जारी होने पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि टिकट मिलने के कई कारण होते है जिनसे कैंडिडेट को चुना जाता है। लेकिन, ये तय है कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को एक मौका मिलता है। हमारे यहां परिवारवाद नहीं चलता, यहां सबसे पहले देश के साथ वफादारी, पार्टी के साथ वफादारी, कर्तव्य परायणता होनी चाहिए।

राठौड़ ने कहा कि पार्टी के हर व्यक्ति को पार्टी में कुछ ना कुछ रोल जरूर मिलता है, साथ ही यहां जिम्मेदारी बदलते भी रहते हैं। दौसा में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ सांसद जसकौर मीना, प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, महवा विधायक राजेंद्र मीना, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गृह क्लेश के चलते लिया मौत का फैसला

# महिला ने तीन बच्चों संग की खुदकुशी, एक ही चिता पर जलाए शव

**बेधड़क** | अलवर

जिले के थानागाजी इलाके के दुहार चौगान गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कथित जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला की छोटी बहन ने इस घटना की परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला सहित तीनों बच्चों के शव को मोर्चरी में रखवाया। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था।

सूचना पर थाना अधिकारी राजेश मीणा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अस्पताल में एफ एस एल टीम की मौजूदगी में शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया गया। मामले पर थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि शवों का



पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मामले में सामने आया है कि महिला और उसके पति के बीच शादी के बाद से ही लगातार झगड़े होते थे। महिला का पति शहर से बाहर नौकरी करता है लेकिन कुछ दिन पहले ही वह अलवर वापस आया था।

### दो बेटी और एक बेटे की हुई मौत

अलवर जिले के दुहार चौगान गांव की रहने वाली मृतका मंजू शर्मा की उम्र 35 साल है। मृतका ने अपने 3 बच्चों दीपांशु, दिव्यांशी और शिवानी के साथ अज्ञात कारण के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पति का नाम तेजपाल है जो आगरा में नौकरी करता है। मंजू और तेजपाल के बीच शादी के बाद से ही झगड़े हो रहे थे। प्रारंभिक जांच में गृह कलेश भी आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।

### पिता ने हत्या का लगाया आरोप

मृतका के पिता रमेश चंद मेहता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी और उसके बच्चो को जहर देकर मारा गया है। घटना की उनको सूचना मिलते ही परिवार में हाहाकार मच गया और सभी लोग मंजू के घर की और दौड़े। जब वह मंजू के घर पहुंचे तो देखा कि वह अपने तीनों बच्चों के साथ जमीन पर लेटी हुई थी और मृत अवस्था में थी। इसके बाद मामले की सूचना थानागाजी पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना अधिकारी राजेश मीणा मौके पर पहुंचे और घटना से संबंधित जांच की गई। थानाधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि महिला और उसके तीन बच्चों की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है। परिजनों की ओर से जो रिपोर्ट दी जाएगी उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में सुसाइड का मामला प्रतीत होता है।

### हर शख्स की आंखें हुई नम

घटना के बाद चारों शवों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। यह दृश्य देखकर मौजूद हर शख्स की आंखें मानों नम सी हो गई। सभी के मन में एक ही सवाल था कि आखिर महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया।

## जरूरी खबर

### जयपुर-अयोध्या फ्लाइट 7 मार्च तक रद्द




**जयपुर।** जयपुर से अयोध्या जाने वाली स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या SG - 3421 को 7 मार्च तक रद्द कर दिया गया है। स्पाइसजेट एयरलाइंस ने मंगलवार को फ्लाइट का शेड्यूल चेंज किया है। इससे पहले 28 फरवरी से तकनीकी कारणों की वजह से अयोध्या फ्लाइट उड़ान नहीं भर पा रही थी। ऐसे में संचालन शुरू होने के एक महीने के भीतर ही अयोध्या जाने वाली स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या SG - 3421आठ बार रद्द हो चुकी है। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया- शेड्यूल चेंज होने की वजह से फ्लाइट का संचालन रद्द किया गया है। इसकी जानकारी यात्रियों तक भी कर दी गई थी। ऐसे में यात्रियों को उनका भुगतान रिफंड कर दिया गया है।

### आर्थिक रूप से मजबूत पत्नी को भरण पोषण नहीं

**जयपुर।** फैमिली कोर्ट ने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत पत्नी पति से भरण पोषण पाने की हकदार नहीं है। जयपुर महानगर प्रथम के फैमिली कोर्ट-1 के जज अरुण कुमार दुबे ने यह आदेश दिया है। दरअसल, जयपुर की रहने वाली एक युवती ने फैमिली कोर्ट में दायर अर्जी में कहा था कि मेरे पति की प्रति माह लाखों रुपए की आय है। ऐसे में पति से प्रति माह 5 लाख रुपए का भरण पोषण दिलाया जाए। पति ने कोर्ट में कहा कि दो भूखंडों की पावर ऑफ अटॉर्नी पत्नी के नाम की थी। इन्हें पत्नी ने 88.81 लाख में बेच दिए वह संपूर्ण राशि पत्नी के पास ही है। ऐसे में वह अपना खर्च चलाने में सक्षम है। कोर्ट ने पत्नी को तो हकदार नहीं माना, लेकिन दोनों नाबालिग बच्चों के भरण पोषण के लिए पति को निर्देश दिए हैं कि वह प्रति माह बच्चों के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि देगा।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**लोकसभा चुनाव से पहले लामबंद हुआ समाज**

# रावणा राजपूतों ने प्रमुख पार्टियों से मांगा एक-एक टिकट

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले रावणा राजपूत समाज ने राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान राजस्थान के प्रदेश प्रतिनिधियों ने रावणा समाज के लिए सरकार और प्रमुख राजनीतिक दलों में संख्या के अनुपात के हिसाब से एक-एक टिकट देकर सत्ता और संगठन में प्रतिनिधित्व देने मांग की है। साथ ही समाज के लोगों ने बीजेपी पर विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाया है।

### काम निकलते ही मक्खी की तरह निकाल फेंका

प्रदेश सलाहकार रणजीत सिंह गेंदिया ने बताया कि विधानसभा चुनावों में रावणा राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने निर्दलिय चुनाव लड़ने के लिए फॉर्म भरा तो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने फॉर्म उठवा कर प्रदेश मन्त्री की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन नई कार्यकारिणी में सोडाला को कोई जिम्मेदारी नही दी गई है। यदि सरकार व राजनीतिक दल रावणा राजपूत समाज की अनदेखी करते हैं तो आगे की रणनीति के लिए मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश प्रतिनिधि सभा की बैठक कर ठोस निर्णय लिया जाएगा।




### हैफा स्मृति कल्याण बोर्ड में नियुक्तियां की जाएं

प्रदेश प्रतिनिधि और नागौर जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह बिरलोका ने कहा कि रावणा राजपूत समाज का शासन-प्रशासन में प्रतिनिधित्व लगभग शून्य। हमारे समाज का एक भी व्यक्ति लोकसभा या राज्यसभा का सदस्य नही रहा। न किसी राष्ट्रीय दल ने कभी लोकसभा/राज्यसभा जाने का अवसर दिया। रावणा राजपूत समाज का झुकाव भाजपा की तरफ रहा है और अभी भाजपा की सरकार है। अतः रावणा राजपूत समाज बोर्ड/निगम या अन्य पदों पर समाज के योग्य व्यक्तियों की नियुक्ति के साथ साथ राजस्थान राज्य मेजर दलपत सिंह (हैफा स्मृति) कल्याण बोर्ड में अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों की नियुक्ति की मांग करता है।

**सीएस सुधांश पंत ने SMS हॉस्पिटल में किया औचक निरीक्षण**

# ऐसा मैकेनिज्म बनाएं कि MRI और अन्य जांचें जल्द से जल्द हों

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव (सीएस) सुधांश पंत ने मंगलवार सुबह सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) का औचक निरीक्षण किया और वहां सारी व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि एमआरआई समेत दूसरी जांचों में हो रही वेटिंग को कम किया जा सके, ताकि मरीजों को राहत मिले। साथ ही उन्होंने ओपीडी ब्लॉक में बुजुर्ग और गंभीर मरीजों के लिए व्हील चेयर और वार्ड बॉय की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

पंत ने दौरे की शुरुआत रजिस्ट्रेशन काउंटर ब्लॉक से की। इसके बाद ओपीडी ब्लॉक, जनरल महिला वार्ड, कंट्रोल रूम और एमआरआई सेंटर भी पहुंचे। हालांकि, पंत ने इमरजेंसी ब्लॉक का दौरा नहीं किया, जहां सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को आती है। गौरतलब है कि मुख्य सचिव बिना किसी सूचना के सुबह करीब 9:45 बजे एसएमएस हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पहुंचे। यहां मुख्य सचिव के पहुंचने की सूचना मिलने पर हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, एसएमएस के प्रिंसिपल डॉक्टर राजीव बगरहट्टा समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी पहुंच गए। इस दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर की व्यवस्था से मुख्य सचिव पंत संतुष्ट नजर आए।



### डॉक्टरों की उपस्थिति जांची

इसके बाद मुख्य सचिव धनवंतरी ओपीडी ब्लॉक गए, जहां उन्होंने जनरल मेडिसिन एरिया का दौरा किया। यहां उन्होंने दवाई काउंटर पर व्यवस्थाएं देखी। डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच की। यहां कुछ गंभीर मरीजों को पैदल आता देख पंत ने ओपीडी ब्लॉक में व्हील चेयर की संख्या बढ़ाने और ट्रॉली व वार्ड बॉय की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

### एमआरआई में क्यों लग रहा है समय?

ओपीडी ब्लॉक के बाद सीएस मुख्य बिल्डिंग में जनरल वार्ड और अन्य जगहों का दौरा करते हुए एमआरआई सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने मरीजों और स्टाफ से बात की। पता चला कि एमआरआई सेंटर में मरीजों को जांच के लिए ज्यादा समय लग रहा है। इसके लिए सीएस ने ऐसा मैकेनिज्म बनाने के निर्देश दिए, जिसमें लोगों को सुविधा हो और जांच जल्द से जल्द हो जाए।

### वार्डों में देखी साफ-सफाई

मुख्य सचिव ने एसएमएस की मुख्य बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर जनरल मेडिसिन वार्ड में महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों से फीडबैक लिया। वार्डों की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को वार्डों और टॉयलेट की सही से सफाई करने के निर्देश दिए।

### इमरजेंसी में हालात बुरे ट्रोपनिन टेस्ट 24 घंटे से बंद

पंत ने एक घंटे हॉस्पिटल की मैन बिल्डिंग का दौरा किया, लेकिन वे इमरजेंसी ब्लॉक नहीं पहुंचे। जहां मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। यहां आने वाले मरीजों को न तो व्हील चेयर मिल रही है और न ही ट्रॉली खींचने के लिए वार्ड बॉय हैं। जांच के लिए भी मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। हार्ट के मरीजों की जांच के लिए ट्रोपनिन टेस्ट किट यहां उपलब्ध नहीं होने से ये जांच पिछले 24 घंटे से ज्यादा समय से बंद पड़ी है, जबकि इन दिनों सबसे ज्यादा मरीज इमरजेंसी में हार्ट की परेशानी वाले आ रहे हैं।

**लिटिल स्टेप स्कूल का वार्षिकोत्सव**

# 'फुलवारी' कार्यक्रम में झूमे नन्हे कदम



बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर के राधा निकुंज स्थित लिटिल स्टेप स्कूल का वार्षिकोत्सव 'फुलवारी' मंगलवार को तक्षशिला ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने श्री राम वंदना और गणेश स्तुति के साथ की। स्कूल की प्रिंसिपल वर्षा जैसवाल ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूल के बाल कलाकारों ने नए और पुराने फिल्मी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी। दर्शक दीर्घा में मौजूद अभिभावक व शिक्षक बच्चों की लाजवाब प्रस्तुतियों पर जमकर तालियां बजाते नजर आए। स्कूली बच्चों ने इस दौरान एक्ट के जरिए मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। बच्चों ने मोबाइल की लत से दूर होते रिश्तों और उनसे उपजते मानसिक तनाव को भी नाटक के माध्यम से उजागर किया।

## रोजगार के लिए धरना शुरू

बेधड़क | जयपुर

सूचना व रोजगार अधिकार अभियान राजस्थान की ओर से मंगलवार को शहीद स्मारक पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ।

अभियान की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखे गए और मिलने हेतु समय मांगा गया, लेकिन अभी तक समय नहीं दिया गया। कविता श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य विधानसभा की ओर से पारित किए गए जनहितकारी कानून तो बना दिए गए, लेकिन उनके नियम आज तक नहीं बनाए। उन्होंने वर्तमान सरकार से मांग की कि सरकार इन सभी कानूनों को तुरंत लागू करे।

**पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन**

# संदेशखाली के दोषियों को मिले सजा

बेधड़क | जयपुर

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए रेप के विरोध में मंगलवार दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद(एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकाली और दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर जल्द से जल्द पश्चिम बंगाल सरकार ने दोषियों के खिलाफ एक्शन नहीं लिया तो एबीवीपी के कार्यकर्ता देशभर में प्रदर्शन और इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

एबीवीपी के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भारत भूषण यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जन-विरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं। वहां की सरकार भ्रष्टाचारियों और अपराधियों का संरक्षण कर रही है। राजस्थान विश्वविद्यालय एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने बताया कि जिन पीड़िताओं के साथ ज्यादती हुई, उनमें से अधिकांशतः पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। ऐसे में जब तक उनको न्याय नहीं मिल जाता विद्यार्थी परिषद विरोध करेगी।

राजस्थान विश्वविद्यालय एबीवीपी के इकाई मंत्री मनू दाधीच कहा कि बुधवार को कल देश में सैकड़ों स्थानों पर एबीवीपी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

## IPL की वीआईपी दीर्घा लेने लगी आकार



*जयपुर। सवाई मानसिंह स्टेडियम में आईपीएल क्रिकेट मैच के लिए तैयारी शुरू हो गई है। आईपीएल क्रिकेट मैच देखने वाले वीआईपी दर्शकों के लिए बनाई जा रही स्थाई एवं मजबूत दर्शक दीर्घा अब आकार लेने लगी है।*

-फोटो: राजेश कुमावत

**निर्वाण यूनिवर्सिटी में लगाए एक हजार से अधिक बम्बू प्लांट**

# कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीखे बम्बू प्लांटेशन के गुर

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण युनिवर्सिटी में विद्यार्थियों ने बम्बू प्लांट की खेती के गुर सीखे। साथ ही यूनिवर्सिटी परिसर में एक हजार से अधिक बम्बू प्लांट लगाए। निर्वाण युनिवर्सिटी जयपुर में आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक एक्सपर्ट टॉक और लाईव डेमोन्स्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक रामप्रसाद जोशी तथा बम्बू प्लांट एक्सपर्ट दयाराम खींची एक्सपर्ट के रूप में विद्यार्थियों से रू-ब-रू हुए। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी द्वारा देश में आर्थिक परिवर्तन एवं रोजगार कि संभावनाएं बढ़ेंगी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय बांस मिशन परियोजना के अंतर्गत यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

कुलपति प्रो. अरविंद कुमार अग्रवाल के अनुसार बम्बू का उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों को रोजगार दे सकता है और साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार साबित होगा। रजिस्ट्रार प्रो. पीके राघव, जॉइंट रजिस्ट्रार प्रो. एनडी जसूजा, कृषि संकाय के डीन प्रो. विनोद शर्मा और न्यूटेक एंड आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित के निर्देशन में यह कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें कृषि संकाय के सभी विद्यार्थियों ने बम्बू प्लांट की खेती के गुर सीखे। प्रो.अपर्णा दीक्षित ने बताया कि निर्वाण युनिवर्सिटी में न्यूटेक केंद्र विशेष रूप से कौशल संवर्धन, प्रशिक्षण, प्लेसमेंट, स्टार्टअप्स और रोजगारोन्मुख कार्यशालाओं द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों में क्षमता विकास का कार्य करता है।





### सालाना 70 हजार टन ऑक्सीजन

आर्टिजन एग्रो इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यूनिवर्सिटी परिसर में 1000 बम्बू प्लांट लगाए गए जो सालाना 70 हजार टन ऑक्सीजन तथा 200 टन बायोमास देंगे। ये पेड़ पर्यावरण को बचाने में सहायक भी साबित होंगे। इस कार्यक्रम में एक्सपर्ट रामप्रसाद जोशी ने बताया कि देश की आर्थिक मजबूती में बम्बू प्लांट बहुत मदद कर सकता है। अब भारत में किसानों की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं को बम्बू प्लांट के कारोबार से जोड़ा जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ देश के युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

# भाजपा की सूची के बाद कइयों की राजनीति पर ग्रहण



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 राज्य व दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। मध्य प्रदेश की 29 सीटों में से 24 पर नाम घोषित कर दिए हैं। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। राज्यसभा सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी पारंपरिक सीट गुना-शिवपुरी से टिकट हासिल करके जता दिया है कि उनकी इच्छा को भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व स्वीकार रहा है। इसी कारण उन केपी यादव का टिकट काट दिया गया, जिन्होंने 2019 में सिंधिया को इसी सीट पर पराजित किया था, लेकिन पांच साल बाद सिंधिया फिर इसी सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। सिंधिया 2020 में कांग्रेस से भाजपा में 22 विधायकों के साथ आए थे। उनके इस दल-बदल से कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिर गई थी। इस बदलाव के इनाम के तौर पर सिंधिया को पार्टी ने राज्यसभा सदस्य तो बनाया ही नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री बनाकर उनकी ताकत की पुनर्बहाली कर दी थी। तभी से सिंधिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के विश्वास पात्र बने हुए हैं। जहां वे पार्टी और इन नेताओं का खूब गुणगान करते हैं, वहीं संघ के पदचिन्हों पर भी चल रहे है। कांग्रेस को कोसने के लिए वह उस एजेंडे पर खरे उतरे हैं, जिसे पार्टी और संघ अमल में लाना चाहते हैं। सिंधिया 2019 में जरूर कांग्रेस का प्रत्याशी रहते हुए हार गए थे, लेकिन अब उनकी जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। वैसे भी गुना-शिवपुरी में जितने भी बड़े विकास कार्य हुए है, वे सब उनके कांग्रेस सरकार में मंत्री रहने के दौरान ही हुए हैं। इनमें शिवपुरी में मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज, मडीखेड़ा जल-आवर्धन योजना और सीवर परियोजना के साथ अनेक रेलों को गुना-शिवपुरी से गुजारने की सौगातें दी हुई हैं। बीते पांच साल में कोई बड़ी योजना गुना-शिवपुरी एवं अशोकनगर जिलों को नहीं मिली। लिहाजा तीनों जिलों की जनता उन्हें इस संसदीय सीट से जिताकर अपनी भूल सुधार करना चाहती थी।

> *पार्टी ने अभी छिंदवाड़ा से कोई प्रत्याशी तय नहीं किया है। कमलनाथ और उनके पुत्र नकुलनाथ के कांग्रेस में जाने का जो हल्ला मचा था, वह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा लग रहा है। इससे प्रदेश में कांग्रेस का न केवल मनोबल कमजोर हुआ है, बल्कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भी झटका लगा है। हालांकि एक अटकल यह भी लगाई जा रही है कि नकुलनाथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद भाजपा में जाकर, भाजपा के उम्मीदवार भी बन सकते हैं।*

सिंधिया की उम्मीदवारी के बाद ग्वालियर-चंबल अंचल के कई उन खांटी नेताओं की राजनीति को स्थाई ग्रहण लग गया है, जिन्होंने माधवराव और ज्योतिरादित्य का विरोध करते हुए स्वयं को राजनीति में स्थापित करके भाजपा के झंडे गाढ़े थे। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा, ग्वालियर के वर्तमान सांसद विवेक शेजवलकर, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और जयभान सिंह पवैया प्रमुख हैं। सिंधिया के टिकट की घोषणा के बाद उनकी बुआ यशोधरा राजे सिंधिया के अरमानों पर भी पानी फिर गया है। शिवपुरी से विधानसभा का टिकट नहीं मिलने के बाद, उन्हें उम्मीद थी कि गुना से लोकसभा का टिकट मिल जाएगा। उनके अनुयायी उनको टिकट देने की मुहिम भी सोशल मीडिया पर चला रहे थे। चूंकि यशोधरा ग्वालियर सीट से भी सांसद रह चुकी हैं, इसलिए उनकी दावेदारी इस सीट से भी थी। परंतु यहां से विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने चहेते भारत सिंह कुशवाहा को टिकट दिलाकर उनका रास्ता हमेशा के लिए रोक दिया। वैसे भी अब वे उम्रदराज हो रही हैं। साथ ही उनके विकास कार्य भी उल्लेखनीय नहीं रहे। सिंधिया से भी उनकी पटरी कभी नहीं बैठी। उनका शिवपुरी विधानसभा से टिकट काटा भी इसलिए गया था, क्योंकि पार्टी के सभी भीतरी और बाहरी सर्वेक्षणों में उनके प्रति जनता की नाराजी सामने आई थी। अब भतीजे सिंधिया के भाजपा में प्रभुत्व के चलते उनकी राजनीति पर भी स्थाई विराम लगता दिखाई दे रहा है। नरोत्तम मिश्रा भी आगे कोई करिश्मा दिखा पाएंगे, ऐसा फिलहाल लग नहीं रहा है। हालांकि उनका नाम गुना और भोपाल सीट से पैनल में था, लेकिन दोनों ही जगह उम्मीदवार तय हो गए हैं।

हालांकि सिंधिया केवल खुद का ही टिकट ले पाने में सफल हुए हैं। उनके कहने से उनके किसी अन्य समर्थक को टिकट नहीं मिला है। जबकि शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह तोमर अपने अनुयायियों को टिकट दिलाने में सफल रहे हैं। जबकि शिवराज को हाशिए पर पहुंचाने की स्थितियों का आकलन राजनीति के विश्लेशक और जनता कर रही थी। इसका मुख्य कारण प्रदेश में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के बावजूद उनकी केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व में पूछ-परख का घटना माना जा रहा था। परंतु अब 32 साल बाद वे विदिशा लोकसभा सीट से खुद तो चुनाव लड़ेंगे ही, अपने दस करीबियों को भी टिकट दिलाने में कामयाब हो गए हैं। भोपाल से उनके करीबी आलोक शर्मा को प्रज्ञा सिंह ठाकुर का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाया गया है। होशंगाबाद से दर्शन सिंह चैधरी और राजगढ़ से रोडमल नागर को टिकट दिलाने में शिवराज की ही अहम् भूमिका रही है। इनके अलावा सागर से लता वानखेड़े, रीवा से जनार्दन मिश्र, शडहोल से हिमाद्री सिंह, रतलाम से अनिता नागर, खरगोन से गजेंद्र पटेल और खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल शिवराज के ही उम्मीदवार हैं। बड़ा झटका नौ बार विधायक रहे गोपाल भार्गव को भी लगा है। मंत्रिमंडल में कोई जगह नहीं मिलने के बाद वे इस कोशिश में थे, कि उनके पुत्र अभिषेक भार्गव को दमोह या सागर से टिकट मिल जाए, लेकिन नहीं मिला। अब उनकी राजनीति पर भी ग्रहण लगने की शुरुआत हो गई है।

नरेंद्र सिंह तोमर की इच्छा भी मुरैना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की थी। लेकिन पिछड़ गए। हालांकि वे अपने नुमाइंदे शिवमंगल सिंह तोमर और ग्वालियर से डॉ भारत सिंह कुशवाहा को टिकट दिलाने में सफल हो गए है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लाखों परिवारों के सामने भुखमरी का संकट

# कंगाली की मीनार से कश्मीर का राग



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ एक बार फिर पाकिस्तान की बागडोर संभाल लिए हैं। इससे पहले भी वह वर्ष 2022 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे अगस्त 2023 तक पद पर तब तक विराजमान रहे जब तक कि आम चुनाव के निमित्त संसद को भंग करने का ऐलान नहीं कर दिया गया। शहबाज शरीफ ने पद संभालते ही एक बार फिर कश्मीर का राग अलापा है। उन्होंने नेशनल असेंबली में कश्मीर और फिलिस्तीन की आजादी का राग अलापाते हुए एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कश्मीर में कश्मीरियों के खून बहाए जा रहे हैं और पूरी वादी खून से सुर्ख है। उन्होंने वैश्विक समुदाय पर भी तंज कसते हुए कहा है कि इस मसले पर उनके होंठ सिले हुए हैं। मजेदार बात है कि दूसरी ओर उन्होंने भारत से दोस्ती की वकालत भी की है। जबकि भारत पहले ही कह चुका है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते।



> *आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष से मिलने वाली सहायता पर निर्भर होकर रह गई है। अब शहबाज शरीफ को तय करना है कि वह पाकिस्तान को आतंक की राह पर बढ़ते देखना चाहते हैं या विकास के पथ पर।*

फिलहाल, शहबाज शरीफ के जहर बुझे बयान से एक बात स्पष्ट है कि वे अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों की तरह भारत विरोध के खोल से बाहर निकलने वाले नहीं हैं, जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि उनके समक्ष बर्बाद हो चुके पाकिस्तान को संभालने-बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें पता है कि मौजूदा समय में पाकिस्तान कंगाली की कगार पर खड़ा है और अगर वे पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने में सफल नहीं हुए तो सेना कभी भी उनकी बांह मरोड़कर तख्त-ओ-ताज छीन सकती है। किसी से छिपा नहीं है कि सेना की मदद से ही वे प्रधानमंत्री बन सके हैं। पाकिस्तान की मौजूदा हालात पर नजर टिकाएं तो बढ़ता विदेशी कर्ज, विदेशी मुद्रा भंडार में अप्रत्याशित कमी और आयात-निर्यात के बिगड़ते संतुलन ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को रसातल में पहुंचा दिया है। उसका विदेशी मुद्रा भंडार 16.1 फीसदी की तीव्र गिरावट के साथ दस साल के सबसे निम्नतम स्तर पर पहुंच चुका है। उसका रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तकरीबन 287 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा है। उत्पादन और खपत दोनों में जबरदस्त गिरावट है। रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। लाखों परिवारों के सामने भूखमरी की स्थिति है। आटा, दाल और चावल जैसी रोजमर्रा की वस्तएं खरीदने के लिए लोगों को सोचना पड़ रहा है। रोटी के लिए लोग जान गंवा रहे हैं। अभी गत माह पहले ही देखा गया कि आयात से भरे शिपिंग कंटेनर बंदरगाहों पर जमा हो रहे थे, क्योंकि खरीदार उनके लिए भुगतान के लिए डॉलर सुरक्षित रखने में विफल साबित हो रहे थे। रोलिंग ब्लैक आउट और विदेशी मुद्रा की भारी कमी के कारण कल-कारखानों के पहिए ठप पड़ चुके हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें 331 और 329 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच चुकी है। मिट्टी के तेल की कीमत भी 190 रुपए प्रति लीटर के आसपास है।

दूसरी ओर बिजली की आपूर्ति ठप पड़ती जा रही है। इस समय सिर्फ 20 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जबकि बिजली की डिमांड 30 हजार मेगावाट से अधिक है। नेशनल ग्रिड बार-बार फेल हो रहा है। इसका असर न सिर्फ कल-कारखानों पर पड़ रहा है, बल्कि अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर भी बंद करना पड़ रहा है। अगर शहबाज शरीफ अर्थव्यवस्था को सुधारने के बजाय कश्मीर राग में ही फंसे रहे तो पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाया नहीं जा सकता। पाकिस्तान में सबसे बुरा हाल आम आदमी का है। उसके जीवन पर संकट है, क्योंकि खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही है। गरीबी और बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर है। बीते साल 10 लाख युवाओं ने पाकिस्तान से पलायन किया है। गरीबी के कारण स्थिरता और सुरक्षा देने वाली सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था चरमरा उठी है। विडंबना यह कि एक ओर देश का आम आदमी आटे और चावल के अकाल का सामना कर रहा है, वहीं देश में नेता और सेना के अधिकारियों की संपत्ति दिन दूनी और रात चैगुनी बढ़ रही है। सच कहें तो देश खजाना खत्म होने के लिए नेता और सेना के अधिकारी ही जिम्मेदार हैं। इसका फायदा आतंकी संगठन उठा रहे हैं और देश को बारुद के ढेर पर रख दिया है।

हद तो यह है कि 20 करोड़ पाकिस्तानियों के लिए देश में सिर्फ 450 प्रशिक्षित मानसिक चिकित्सालय हैं। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो आज पाकिस्तान की एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे है। पाकिस्तान के केंद्रीय योजना व विकास मंत्रालय के मुताबिक देश में गरीबों का अनुपात बढ़कर 40 फीसदी के पार पहुंच चुका है। जबकि 2001 में गरीबों की तादाद दो करोड़ थी। आश्चर्य होता है कि एक ओर देश के हुक्मरान विकास का दावा करते हैं वहीं दूसरी ओर गरीबी का लगातार विस्तार हो रहा है। भूखमरी से हर दिन सैकड़ों लोगों की जान जा रही है। रोजगार के अवसर घट रहे हैं और कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। आज की तारीख में पाकिस्तान के हर नागरिक पर तकरीबन 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक का कर्ज है। किसानों की हालत बेहद दयनीय है। गरीबी और कर्ज में डूबे होने की वजह से उनकी आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे सामाजिक ताना-बाना बिखर रहा है। आज पाकिस्तान की स्थिति इराक, सीरिया और लेबनान से भी बदतर हो चुकी है। विचार करें तो इसके लिए पाकिस्तान स्वयं जिम्मेदार है। वह अपनी धरती पर आतंकियों को प्रश्रय देने के साथ वैश्विक समुदाय से मिल रही आर्थिक मदद को विकास पर खर्च करने के बजाए भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों पर खर्च कर रहा है। एक दशक से उसके हुक्मरान दहशतगर्दी को नेस्तनाबूद करने का राग अलाप रहे हैं, लेकिन परदे के पीछे आतंकियों की मदद कर रहे हैं।

याद होगा वर्ष 2016 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के कोझिकोड की रैली में विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के अवाम का आह्वान करते हुए कहा था कि उन्हें अपने हुक्मरानों से सवाल पूछना चाहिए कि उनके हुक्मरानों ने किस तरह का देश बना रखा है, जिसकी छवि आतंकी देश जैसी बन रही है। उन्हें सवाल पूछना चाहिए कि उनके हुक्मरान अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी से लड़ने के बजाए आतंकवाद से कंधा क्यों जोड़े हुए हैं। उनसे पूछना चाहिए कि एक साथ आजादी प्राप्त करने के बाद भी क्या कारण है कि भारत सॉफ्टवेयर का निर्यात कर रहा है और उसके हुक्मरान आतंकवाद का निर्यात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के हुक्मरानों को आईना दिखाते हुए यह भी कहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच बेरोजगारी खत्म करने और गरीबी मिटाने के लिए मुकाबला होना चाहिए। यह देखना चाहिए कि कौन-सा देश इन समस्याओं को पहले खत्म करता है। पाकिस्तान और विश्व की मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी के इस संदेश की खूब सराहना हुई थी। दुनिया भर में संदेश गया था कि भारत अपने पड़ोसी को लेकर कितना संवेदनशील है। लेकिन पाकिस्तान के रुख में तनिक भी परिवर्तन नहीं आया। वह भारत विरोधी अपने पुराने रुख पर कायम है। नतीजा सामने है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चार का फेर...



**सुनील कुमार महला**
व्यंग्यकार

जब कोई व्यक्ति किसी कार्य में लगभग सफल होते हुए भी अंतिम समय में असफल हो जाना तो कहते हैं कि वह 'निन्यानवे के फेर' में फंस गया। मतलब यह कि 'निन्यानवे का फेर' बहुत नजदीक पहुंचकर भी अपने लक्ष्य को न प्राप्त कर पाने की स्थिति को दर्शाता है। खैर, जो है सो है। लेकिन आजकल लोग 'निन्यानवे के फेर ' में नहीं पड़ते। वो क्या है कि लोग आजकल सीधे 'चार सौ' के फेर में हैं।कभी अफ्रीकी व वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज भी चार सौ के फेर में उलझे थे। वैसे शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक भी जब यकायक चार सौ अंक तक बढ़ता है तो अलग ही बात होती है। वैसे इस चार सौ के फेर से राजनीति व राजनेता भी नहीं बच पाए हैं। चुनावी समय जो है। अबकी बार 'चार सौ पार'। निन्यानवे को लोग भूल गए और 'चार सौ' के फेर में फंस गए। सत्ताधारी 'चार सौ' के फेर में उलझे हैं।

अब चार सौ को राजनीति में कोई चुनावी जुमला बताता है तो कोई अपना टारगेट। वैसे इस चार की चिन्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही है। खैर, हमें क्या लेना देना राजनीति और राजनीतिज्ञों से। वैसे न, चार का अंक है बड़ा खतरनाक। खतरनाक इसलिए क्योंकि ज्योतिष में ये नवग्रहों में राहु से जुड़ा हुआ अंक माना जाता है। इतना ही नहीं चार का अंक नेतृत्व कौशल वाले ऊर्जावान, जानकार, चतुर और आत्मविश्वासी व्यक्तियों को भी इंगित करता है। किसी फोर व्हीलर में भी हालांकि छह टायर होने पर भी वह फोर व्हीलर ही माना जाता है। इसलिए चार का अंक बड़ा करामाती और रहस्यमय ही है। चार की बात करें तो चार पर एक मुहावरा भी काफी फेमस है -'चार दिन की चांदनी और फेर अंधेरी रात।' इस मुहावरे को सुनकर सुनकर कभी कभी हमें डर लगने लगता है कि लोग चार या चार सौ के चक्कर में आखिर फंसे क्यों हैं ? कहते हैं कि विनायक चतुर्थी के दिन चंद्रमा नहीं देखना चाहिए। ऐसा करना अपशकुन माना जाता है। एक बात बताऊं यदि कोई पैदल यात्री कहीं पर जा रहा होता है और अपनी मंजिल के नजदीक जाकर जब वह किसी से रास्ता पूछता है तो अक्सर यही कहा जाता है कि बस चार कदमों पर ही आपकी मंजिल है। भले ही वह मंजिल चार किलोमीटर ही दूर क्यों न हो। दरअसल, चार शब्द आदमी को ढ़ाढस भी बंधाता है। बहरहाल, आपको याद होगा महान कवि चंद्रबरदाई ने पृथ्वीराज चौहान को 'चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण, ता ऊपर सुल्तान है मत चुके चौहान' पंक्तियां कहीं थी। इसलिए हमें तो चार और चार सौ से हमेशा से डर लगता है। लेकिन हम भी इस जमाने के साथ ही चलना चाहते हैं, क्यों कि जो व्यक्ति जमाने के साथ नहीं चलता वह जमाने में पिछड़ जाता है। हमारे चार काव्य संग्रह हैं और चार कहानी संग्रह। अब हम चाहते हैं कि हम भी चार सौ व्यंग्य लिखने का जुमला तो कम से कम छोड़ ही दें। हम भी गला फाड़ फाड़ कर चार चार चिल्लायेंगे तो क्या पता हम भी चार सौ व्यंग्य की एक किताब छाप पाए। कहते हैं कि बोलने वाले के ही बेर बिकते हैं। इसलिए आज से हम भी चार चार चिल्लायेंगे। वैसे आपका भी मन हमारे इस व्यंग्य पर चार गालियां बकने को है तो इसका हमें कतई बुरा नहीं लगेगा। अजी ! जमाना जो 'चार' का है। तो आप भी हमारे इस व्यंग्य को पढ़कर अपने माथे पर चार बार त्योरियां चढ़ा लेना और हमारे इस व्यंग्य पर चार बातें कर लेना जी। जय राम जी की।

X



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
युवाओं के सशक्तीकरण से ही राष्ट्र समृद्धि की ओर बढ़ेगा, इसलिए युवाओं को सशक्त करना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। महाराष्ट्र के जलगांव में युवाओं से संवाद किया। मुझे विश्वास है कि प्रदेश के युवा और नव मतदाता राष्ट्रप्रथम को आगे रखने वाले मोदी जी को चुनकर देश निर्माण में सहभागी बनेंगे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के लक्ष्य को लेकर चलेंगे...।


## नॉलेज कॉर्नर: दुनिया की पांच सर्वश्रेष्ठ मिसाइलें

# सबसे महंगी मिसाइल की कीमत 5 अरब रुपए!

दुनिया में लाखों लोग भूख से मर रहे हैं। इसके बावजूद अमीर देशों में हथियारों के विकास पर अरबों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। युद्ध को अधिक घातक बनाने के लिए रिसर्च पर बड़ी मात्रा में पैसे खर्च किए जा रहे हैं। ऐसे में जानें दुनिया की 5 सबसे महंगी मिसाइलों के बारे में सब कुछ। मिसाइलों को महंगा हथियार माना जाता है। यही कारण है कि युद्ध के दौरान मिसाइलों का इस्तेमाल सीमित मात्रा में किया जाता है। बहुत कम लोगों को पता है कि कई ऐसी मिसाइलें भी हैं, जिनकी कीमत अरबों रुपए तक जाती हैं। इस लेख में आपको बताएंगे दुनिया की पांच सबसे महंगी मिसाइलों के बारे में...

### विश्व की सर्वाधिक पॉपुलर मिसाइलें

ट्राइडेंट मिसाइल दुनिया की सबसे महंगी मिसाइल है। एक ट्राइडेंट मिसाइल की कीमत 5 अरब 38 करोड़ 93 लाख रुपए से अिधक है। यह एक बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे पनडुब्बी से लॉन्च किया जाता है। इसे अमेरिकी नौसेना की सबसे उन्नत बैलिस्टिक मिसाइल माना जाता है। इसमें थर्मोन्यूक्लियर वारहेड लगा होता है। इस मिसाइल की लंबाई 44 फीट और वजन 80 टन है। इसके बाद दूसरे नंबर पर अमेरिका की *पैट्रियट मिसाइल* है जो सतह से हवा में मार करने वाली एंटी बैलिस्टिक मिसाइल मिसाइल है। यह 1981 से सेवा में है। पहले खाड़ी युद्ध के दौरान, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश ने दावा किया था कि इसकी सफलता दर 97 प्रतिशत है। आगे के अध्ययन के बाद, स्वतंत्र विश्लेषण से पता चला कि वास्तव में इसकी सफलता दर केवल 10 प्रतिशत थी। एक पैट्रियट मिसाइल की कीमत 24 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक है। इसके बाद तीसरे नंबर पर *टॉमहॉक क्रूज मिसाइल* है जो एक लंबी दूरी की सबसोनिक मिसाइल है। इसका इस्तेमाल किसी भी तरह के मौसम में किया जा सकता है।



### कहाई स्पीड एंटी रेडिएशन मिसाइल

चौथे नंबर पर हाई स्पीड एंटी रेडिएशन मिसाइल है (HARM), जो अमेरिका में बनी एक सामरिक, हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। इसे सतह से हवा में आने वाले रडार सिस्टम से आने वाले इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन के खिलाफ डिजाइन किया गया है। यह एयर क्रू से न्यूनतम इनपुट के साथ किसी भी रडार एंटीना या ट्रांसमीटर का पता लगा सकती है, हमला कर उसे नष्ट कर सकती है। मिसाइल का उपयोग 1985 से किया जा रहा है। खाड़ी युद्ध, कोसोवो युद्ध, इराक युद्ध और 2011 में लीबिया युद्ध के दौरान इसका व्यापक इस्तेमाल किया गया था। एक हाई स्पीड इस मिसाइल की कीमत 2 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक है।

### यह मीडियम रेंज क्रूज मिसाइल

*मीडियम रेंज एयर टू सरफेस क्रूज मिसाइल (MRASM) एक प्रकार की क्रूज़ मिसाइल है जिसने वास्तव में कभी भी सक्रिय सेवा में प्रवेश नहीं किया। यह टॉमहॉक मिसाइल का एक प्रकार है जिसमें AGM 109 H/L कोड का उपयोग किया जाता है। इसकी कीमत 4 करोड़ 71 लाख रुपए से अधिक है।*

कंटेंट: नरेंद्र शर्मा

**पश्चिम बंगाल:** चुनाव आयोग की टीम ने लिया चुनावी तैयारियों का जायजा, -'सी विजिल' एप किया लॉन्च

# चुनाव के दौरान हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं, अधिकारी रहें निष्पक्ष: CEC

**एजेंसी** | कोलकाता

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग चुनाव के दौरान हिंसा को रोकने के लिए सी विजिल नाम से एक एप्लीकेशन लॉन्च करने जा रहा है। सी-विजिल यानी की सिविलियन टू विजिलैंट यानी नागरिकों की सतर्कता।

पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने यहां मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है। चुनाव में डर या भय को कोई जगह नहीं है। नौकरशाहों का पक्षपातपूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की भी तैनाती की जाएगी, जो कि निष्पक्ष तरीके से होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में निष्पक्ष तरीके से पर्याप्त केंद्रीय बलों को तैनात किया जाएगा। पुलिस अधीक्षकों को बार-



बार यह बताया गया है कि यदि डराने-धमकाने की कोई शिकायत आती है तो उन्हें तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। सीईसी ने कहा, राज्य प्रशासन के अधिकारियों ने




हमें आश्वासन दिया है कि वे ऐसा ही करेंगे। अगर वे कार्रवाई नहीं करते हैं तो हम जानते हैं कि उन्हें कार्रवाई कराने के लिए हमें क्या करने की जरुरत है।

### प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि की दी जा सकेगी जानकारी

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि अगर किसी भी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है तो इस ऐप के माध्यम से उम्मीदवार और उसके खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी जा सकती है। इसके साथ ही उम्मीदवार को अपने आपराधिक आरोपों के बारे में तीन अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करना होगा। राजनीतिक पार्टियों को भी अपनी वेबसाइट और अखबारों के जरिए ऐसा करना पड़ेगा।

### महिलाओं द्वारा संचालित होंगे कुछ निर्वाचन केंद्र

राजीव कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुछ मतदान केंद्र ऐसे भी होंगे, जिसका संचालन केवल महिलाएं करेंगी। उन निर्वाचन केंद्रों पर महिला सुरक्षा बलों की तैनाती भी की जाएगी। इसी तरह से कुछ मतदान केंद्र पूरी तरह से दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा संचालित होंगे। यह समाज में एक उदाहरण पेश करेगा कि वे भी किसी से कम नहीं है।

### प्रतिनिधियों से की मुलाकात

राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम ने सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में भाजपा ने आयोग से मांग की कि लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य में सिर्फ सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की तैनाती की जाए। भाजपा ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए यह जरूरी है।

### क्या है सी-विजिल

राजीव कुमार ने बताया कि अगर चुनाव के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता या हिंसा की तैयारी की जा रही है तो यूजर्स इस ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस: शिवकुमार को SC से मिली राहत



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ 2018 के मनी लॉन्ड्रिंग मामले को खारिज कर दिया है। इस तरह पीएमएलए के तहत अब इस मामले की जांच नहीं हो सकेगी। ये मामला डीके शिवकुमार के घर पर मिली नकद राशि से जुड़ा हुआ है। 2017 के अगस्त महीने में शिवकुमार के घर से बेहिसाब नकदी बरामद हुई थी। ज्ञात रहे कि शिवकुमार ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जारी ईडी के समन को रद्द करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के 2019 के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### BRS व BSP में गठबंधन, सीटों पर फैसला आज

**हैदराबाद**। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बहुजन समाज पार्टी (बाएसपी) ने अगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा की है। बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव और बीएसपी के प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार ने मंगलवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में दो दलों के बीच गठबंधन की घोषणा की और कहा कि बीआरएस और बीएसपी ने तेलंगाना में एक साथ काम करने का फैसला किया है। ज्ञात रहे कि बीआरएस ने एक दिन पहले सोमवार को चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। केसीआर ने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन काफी कारगर होने वाला है। हम बुधवार को तय करेंगे कि कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक मायावती से बात नहीं हुई है। अभी सिर्फ आरएस प्रवीण कुमार से बात हुई है।

**प्रधानमंत्री की तेलंगाना-ओडिशा में रैली,** विपक्ष पर साधा निशाना

# विपक्ष के लिए परिवार पहले, मेरे लिए तो देश ही प्रथम: PM मोदी

**एजेंसी** | संगारेड्डी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को तेलंगाना व ओडिशा के दौरे पर रहे। पीएम ने दोनों ही राज्यों में रैली को संबोधित किया। तेलंगाना के संगारेड्डी में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने परिवारवाद को लेकर एक बार फिर विपक्ष पर सियासी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। परिवारवादियों ने अपने बच्चों को बसाने के लिए भारत के संसाधनों को बेच दिया, जबकि मैं आपके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदलने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा, मैं केवल एक ही इरादे से काम करता हूं- राष्ट्र के विकास के लिए राज्यों का विकास।

रैली से पहले पीएम मोदी ने संगारेड्डी में उज्जयिनी महाकाली मंदिर में पूजा अर्चना की और 7000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। बाद में रैली में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, आज जब मोदी आपको और आपके परिवार को दी गई गारंटी को पूरा करने में लगा है, तो कांग्रेस और उसके साथी मोदी को और मोदी के परिवार को गाली देने पर उतर आए हैं। इसका कारण है - क्योंकि मैं इनके सैंकड़ों हजारों रुपयों के घोटालों की पोल खोल रहा हूं। मैं इन लोगों के परिवारवाद के खिलाफ आवाज उठा रहा हूं। वो (विपक्ष) कहते हैं - परिवार पहले, मोदी कहता है - देश पहले।







### भाजपा ने जो वादा किया वह पूरा किया

प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 का जिक्र करते हुए कहा,हमने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अंत की बात कही थी। ये वादा भाजपा ने पूरा करके दिखाया। हमने कहा था कि हम सब मिलकर अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान राम का स्वागत करेंगे। ये वादा पूरा हुआ। मोदी की गारंटी पूरी हुई। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों के सदस्य अपना काला धन छिपाने के लिए भारत के बाहर बैंक खाते खोलते हैं, जबकि मैं गरीबों को जन धन खाते खोलने और उनके विकास को गति देने में मदद करता हूं। परिवारवादी आलीशान घरों में रहते हैं, जबकि मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि गरीबों को पक्के घरों में सोने को मिले।

### कांग्रेस व उसके सहयोगियों का ध्यान खजाना भरने पर था

**जाजपुर (ओडिशा)**। तेलंगाना के दौरे के बाद ओडिशा के जाजपुर पहुंचे पीएम मोदी ने वहां एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि आज जो विकास के बड़े-बड़े काम हो रहे हैं, वे पहले भी किए जा सकते थे,लेकिन 2014 से पहले कांग्रेस और उनके सहयोगियों का पूरा ध्यान सिर्फ अपना खजाना भरने पर था। गरीब, कांग्रेस सरकार से कुछ भी मांगने जाता था तो कांग्रेस सरकार कहती थी कुछ गारंटी लेकर आओ, लेकिन जब एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तब उसने कहा कि गरीब की सबसे बड़ी गारंटी मोदी बनेगा।

### ओडिशा को 20 हजार करोड़ की सौगात

पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर में मंगलवार को 20 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ओडिशा विकसित भारत का प्रवेश द्वार बने।

**यूपी :** योगी मंत्रिमंडल का विस्तार

## राजभर व दारा सिंह को मिला मंत्री पद, रालोद का भी खुला खाता

■ भाजपा विधायक सुनील भी बने मंत्री





**एजेंसी** | लखनऊ

लंबी प्रतीक्षा के बाद उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार 2.0 का पहला मंत्रिमंडल विस्तार मंगलवार को हो गया। राज भवन लखनऊ में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार शाम को विधानमंडल के चार सदस्यों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भाजपा एमएलसी दारा सिंह चौहान, गाजियाबाद की साहिबाबाद विधानसभा सीट से विधायक सुनील कुमार शर्मा और आरएलडी कोटे के अनिल कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को योगी कैबिनेट में अहम जिम्मेदारी दी गई। ओपी राजभर पर सरकार ने भरोसा जताया है। वहीं, एक अन्य मंत्री दारा सिंह चौहान का भाजपा से सपा में जाना और फिर घर वापसी चर्चा में रही थी।

दारा सिंह चौहान ने घोसी सीट से उपचुनाव लड़ा था। वह भाजपा से विधान परिषद सदस्य हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है।

हम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए काम करेंगे और प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। राजभर योगी सरकार के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे पर यूपी विधानसभा के चुनाव से पहले सपा गठबंधन में शामिल हो गए थे।

**महाराष्ट्र:** भाजपा की युवा रैली में विपक्ष पर प्रहार

## भाजपा में हैं युवाओं के लिए आगे बढ़ने के अवसर: गृह मंत्री शाह

**एजेंसी** | मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर वंशवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मंगलवार को युवाओं से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने वाले लोगों को वोट दें। शाह उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में भाजपा की युवा रैली को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, जो पार्टियां अपने संगठनों के भीतर परिवारवाद को बढ़ावा देती हैं, वे देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं। शाह ने दावा किया कि युवाओं को



केवल भाजपा में ही आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा सोनिया गांधी राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की कोशिश कर रही हैं। उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। शरद पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता दीदी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। एमके स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। शाह ने आरोप लगाया कि मोदी का विरोध करने वाले विपक्षी गठबंधन के दल वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, वाजपेयी ने प्रधानमंत्री का पद छोड़ा था, तब देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई थी। जबकि मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी यूपीए सरकार के दस साल के दौरान देश को इसी स्थिति में बनाए रखा।

### लोस चुनाव के बाद राहुल को जारी होगा समन

**गुवाहाटी**। असम पुलिस गुवाहाटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी करेगी। उन्हें खुद सामने पेश होना होगा। पुलिस लोकसभा चुनाव के बाद समन भेजेगी।

राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को यह बात कही। सरमा ने कहा, जब कोई कानून तोड़ेगा तो निश्चित तौर पर समन जारी किया जाएगा। राहुल उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदार और असम कांग्रेस प्रमुख भूपेन कुमार बोरा को जारी किया गया समन प्रक्रिया की शुरुआत भर है।

**पूर्व जज शुरू करेंगे सियासी पारी,** राज्य की राजनीति गरमाई

## जस्टिस गंगोपाध्याय का इस्तीफा कल BJP में हो सकते हैं शामिल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में मचे सियासी घमासान के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा भेज दिया। वह इसी साल अगस्त में रिटायर होने वाले थे। गंगोपाध्याय अब अपनी सियासी पारी शुरू करने के लिए सात मार्च को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। गंगोपाध्याय के कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस के तौर पर शिक्षक भर्ती घोटाला सहित कई मामलों में फैसले सुर्खियों में रहे। अब गंगोपाध्याय के इस्तीफे से राज्य की राजनीति गरमा गई है।

गंगोपाध्याय ने अपने पद से इस्तीफे के बाद अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वे 7 मार्च को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर कहा, मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं अथवा किस सीट से यह पार्टी हाई कमान द्वारा तय किया जाएगा।

### तामलुक सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें

गंगोपाध्याय के बंगाल के तामलुक सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना हैं। 2009 तक ये लोकसभा सीट तृणमूल कांग्रेस के पास थी। अभिजीत ने उत्तर दिनाजपुर जिले में पश्चिम बंगाल सिविल सेवा में बतौर 'ए' ग्रेड अधिकारी अपना कॅरिअर शुरू किया। हालांकि, यह भी दिलचस्प है कि जिस भ्रष्टाचार की लड़ाई के कारण आज इस्तीफा दिया है, वर्षों पहले इसी वजह से उन्होंने अधिकारी की नौकरी से इस्तीफा दिया था।

**उत्तर प्रदेश: पेपर लीक मामला गरमाया, भर्ती बोर्ड अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाया**

# राहुल ने उठाया मुद्दा, कहा- कांग्रेस ठोस व फुलप्रूफ योजना लेकर आएगी

■ राहुल का दावा- सात वर्षों में ही पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामले, 2 करोड़ छात्रों का सपना तोड़ा

**एजेंसी** | नई दिल्ली / लखनऊ

लोकसभा चुनाव से पहले देश में पेपर लीक का मामला गर्मा गया है। उत्तर प्रदेश में सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में राज्य सरकार ने भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा को हटा दिया है। उनकी जगह डीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पेपर लीक का मामला उठाते हुए कहा कि उनकी पार्टी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को



पारदर्शी बनाने के लिए ठोस और फुलप्रूफ योजना लेकर आएगी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, पेपर लीक का मुद्दा न केवल उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अभिशाप बन गया है। उन्होंने कहा, बीते सात वर्षों में ही



पेपर लीक के 70 से ज्यादा मामलों ने छात्रों का सपना तोड़ा है। इससे न सिर्फ भविष्य का निर्माण करने वालों के कीमती साल बर्बाद हो रहे हैं, बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है।

### आपराधिक गठजोड़ तोड़ जवाबदेही सुनिश्चित की जाए

राहुल गांधी ने कहा, लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेस के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजहें हैं- बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।

### फुलप्रूफ प्लान तैयार करेगी कांग्रेस

राहुल गांधी ने कहा, सभी से मिले सुझावों के आधार पर कांग्रेस युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक ठोस और फुलप्रूफ प्लान तैयार कर रही है और बहुत जल्द हम आपके सामने विजन रखेंगे। हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। युवाओं का भविष्य 'इंडिया' (विपक्षी गठबंधन) की प्राथमिकता है।

### पारदर्शी हो भर्ती प्रक्रिया: जयराम रमेश

वहीं, कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अन्याय के दौर में बार-बार होने वाले पेपर लीक घोटालों से प्रभावित अभ्यर्थियों की संख्या चौंकाने वाली है। उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती के लिए पेपर लीक हुए हैं। जिससे 60 हजार पदों के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले 50 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में गणित और जीव विज्ञान के पेपर भी लीक हुए हैं।रमेश ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार न केवल केंद्र में दस लाख रिक्त पदों पर भर्ती करेगी। बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो।

### क्या हुआ था उत्तर प्रदेश में

यूपी के सभी 75 जिलों में सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। बाद में यूपी सरकार ने परीक्षा को रद्द कर दिया था। साथ ही छह माह में इसे फिर से कराने के निर्देश जारी किए गए थे।

■ जरूरी खबर

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी: चौहान



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने रक्षा विनिर्माण और उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार, सैन्य बलों, अनुसंधान एवं विकास और रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को एक संपूर्ण राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ सहयोगात्मक प्रयास करने की आवश्यकता है। सीडीएस मंगलवार को सैन्य मामलों के विभाग की तरफ से स्वदेशीकरण को प्रोत्साहन पर आयोजित दो दिवसीय विचार मंथन सत्र के आखिरी दिन अपने विचार रख रहे थे। सीडीएस ने रक्षा सुधारों को लेकर चल रही परिवर्तनकारी प्रक्रिया पर भी जोर दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने शाहबाज शरीफ को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है। शहबाज के सोमवार को पीएम पद की शपथ लेने के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। अप्रैल 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे।

## दुमुक के बोल: भारत देश नहीं, उपमहाद्वीप



**चेन्नई।** डीएमके नेता ए. राजा भारत और सनातन को लेकर दिए गए अपने बयान के कारण विवादों में फंस गए हैं। उन्होंने अपने एक विवादित बयान में कहा, भारत एक राष्ट्र है ही नहीं। भारत एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक उपमहाद्वीप है। एक राष्ट्र का अर्थ है एक भाषा, एक परंपरा और एक संस्कृति, तभी यह एक राष्ट्र होता है। ए. राजा का यह बयान तब आया, जब चार मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को के बेटे उदयनिधि स्टालिन को सनातन विरोधी बयानबाजी पर फटकार लगाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा ने यह भी कहा कि उन्हें रामायण और महाभारत पर भरोसा नहीं है। भारत एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक उपमहाद्वीप है।

## रक्षा मंत्री ने किया नौसैन्य प्रतिष्ठानों का उद्घाटन




*पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को गोवा की राजधानी पणजी के पास नेवल वॉर कॉलेज के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कारवार में सी बर्ड नौसैनिक अड्डे पर एक विमान वाहक घाट और सहायक पोत घाट का भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

## हिंद-प्रशांत में नहीं चलेगा किसी का दबाव: राजनाथ

**पणजी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारतीय नौसेना की भूमिका पर जोर देते मंगलवार को कहा कि हमारी नौसेना ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी देश अपनी आर्थिक और सैन्य ताकत से इस क्षेत्र में भारत के मित्र देशों पर दबाव न बना पाए और उनकी क्षेत्रीय संप्रभुत्ता को कुचल नहीं पाए।

वह गोवा की राजधानी पणजी के पास नेवल वॉर कॉलेज के नए प्रशासनिक भवन के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह देश के वैश्विक मूल्यों को पर्याप्त ताकत प्रदान करती है। हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी बाकी सहयोगियों पर आने वाले दबाव को रोकती है। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहनी चाहिए। उन्होंने कहा किभारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी उन्नति होगी। उन्होंने कहा, हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो।

### आतंकी संगठन के लिए भर्ती की साजिश की जारी है जांच

# 7 राज्यों में NIA के छापे, लश्कर के बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश

एजेंसी | नई दिल्ली

लश्कर ए तैयबा के बड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल समेत सात राज्यों में विभिन्न स्थानों पर संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की। इस मॉड्यूल का पर्दाफाश बेंगलुरु जेल के भीतर लश्कर ए तैयबा के लिए भर्ती की साजिश की जांच के सिलसिले में हुआ। पिछले साल जुलाई में बेंगलुरु के एक ठिकाने से सात पिस्तौल, चार हैंडग्रेनेड, 45 गोलियों के साथ एक मैगजीन और चार वाकी-टाकी की बरामदगी के बाद लश्करे तैयबा की साजिश की जानकारी मिली थी। जांच




अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान 25 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप और 4 स्टोरेज डिवाइस, विभिन्न देशों के करेंसी नोटों के अलावा विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और नकदी बरामद हुई। बेंगलुरु पुलिस की शुरुआती एफआइआर के बाद एनआईए ने इस केस की जांच अपने हाथ में ले ली थी। एनआईए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जेल के भीतर आतंकी भर्ती की जांच पूरी हो चुकी है और 12 जनवरी को आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है, जिनमें दो आरोपी जुनैद अहमद और सलमान खान को भगोड़ा घोषित किया गया है। उनके अनुसार केस की जांच के दौरान कई राज्यों में फैले लश्करे तैयबा के नेटवर्क की जानकारी मिली, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल थे और इसके लिए ट्रेनिंग और फंडिंग उपलब्ध करा रहे थे। जांच के दौरान ऐसे 12 संदिग्धों की पहचान की गई जो इस नेटवर्क में शामिल थे। मंगलवार को इन सभी के ठिकानों की सघन तलाशी ली गई। एनआईए के अनुसार तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, दस्तावेजी साक्ष्य और देशी व विदेशी मुद्रा में नकद बरामद किए गए।

### मास्टर माइंड की पहचान की कोशिश

इस पूरे मॉड्यूल के मास्टरमाइंड की पहचान की कोशिश की जा रही है। एनआइए की चार्जशीट के अनुसार केरल के कन्नूर का रहने वाला टी नसीर बम धमाके के कई मामलों का आरोपी है और बेंगलुरु के जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। यहीं रहते हुए उसने जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान से मुलाकात हुई और दोनों को उसने लश्करे तैयबा का आतंकी बनने और फियादीन हमले के लिए तैयार कर लिया।

### सुप्रीम कोर्ट का अहम आदेश

## बच्ची पिता की संपत्ति नहीं, उसका हित सर्वोपरि

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे की कस्टडी पर अहम आदेश पारित किया। कोर्ट ने साफ किया कि 14 साल की बच्ची को संपत्ति नहीं माना जा सकता। शीर्ष अदालत में जस्टिस सीटी रवि कुमार और राजेश बिंदल की पीठ ने उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें एक लड़की की कस्टडी उसके जैविक पिता को सौंपी गई थी। 14 वर्षीय किशोरी अपनी बुआ के साथ खुशी से रह रही थी। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने वाली बुआ की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बच्ची की उम्र को ध्यान में रखते हुए, अदालत इस राय पर पहुंची है कि 14 साल की आयु में बच्ची का जैविक पिता उसे अपनी संपत्ति नहीं मान सकता। जन्म से ही बच्ची अपने पिता के साथ नहीं रही। ऐसे में अब उसका हित सर्वोपरि है। कोर्ट ने कहा, जीवन के इस पड़ाव पर बच्चे की स्थिरता 'सर्वोपरि और सबसे महत्वपूर्ण है।

### यह गोद का मामला नहीं, संरक्षक होने का दावा

अदालत ने साफ किया, यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें कोई भी पक्ष गोद लेने का दावा कर रहा है। मुकदमे में शामिल दोनों पक्ष संरक्षक होने का दावा भी नहीं कर रहे हैं। विवाद केवल बच्ची की कस्टडी का है। सोमवार को पारित आदेश में पीठ ने कहा, अदालत ने बच्ची से बातचीत की।

### बुआ के साथ रहना चाहती है बच्ची

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब बच्चे की कस्टडी बुआ को सौंपी गई उस समय महिला की शादी नहीं हुई थी। अब महिला दो बच्चों की मां है। यह तथ्य 14 साल की किशोरी को बुआ के साथ रहने देने के फैसले में बाधक नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्ची अपनी बुआ के साथ ही रहना चाहती है।

### कांग्रेस को गुजरात में एक और झटका

## BJP में शामिल हुए अर्जुन व डेर

एजेंसी | गांधीनगर

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा हैं। सोमवार को कांग्रेस छोड़ने वाले अर्जुन मोढवाडिया मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। मोढवाडिया के साथ कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने भी भाजपा का हाथ थाम लिया है। अंबरीश डेर ने भी सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। गुजरात के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली विपक्षी नेताओं में से एक, मोढवाडिया ने 2022 के चुनावों में पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी





के दिग्गज नेता बाबू बोखिरिया को हराया था। मोढवाडिया ने सोमवार को गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर चौधरी को इस्तीफा सौंपा था।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सात मार्च को गुजरात में प्रवेश करेगी, इससे पहले मोढवाडिया भाजपा में शामिल हो गए।कुछ दिन पहले पार्टी के राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाराण राठवा अपने बेटे और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। मोढवाडिया के इस्तीफे के साथ ही 182 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या घटकर 14 रह गई है।

## हिमाचल में पारा -20 डिग्री गिरा, 17 पर्यटक फंसे

**शिमला।** हिमाचल में ताजा बर्फबारी से लाहौल स्पीति में शीतलहर चल रही है। हिमपात के कारण की मोनेस्ट्री में छह इतालवी नागरिकों समेत 17 पर्यटक फंसे हुए हैं। राज्य में ताजा हिमपात के कारण न्यूनतम तापमान शून्य से 15 से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया है। सोलन जिले के धरमपुर इलाके के गाहर गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि सोमवार रात को जब दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, उसी समय चट्टान दरकी जिससे वे मलबे में दब गये।

## युवा संसद महोत्सव




*नई दिल्ली। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव- 2024 के फाइनल का मंगलवार को संविधान सदन(पुराना संसद भवन) में उद्घाटन समारोह आयोजित किया। इस महोत्सव का समापन समारोह 6 मार्च को संसद के केन्द्रीय कक्ष में होगा। महोत्सव के दौरान मौजूद युवा। युवा संसद महोत्सव का आयोजन 9 फरवरी से देशभर में शुरू हुआ था।*

### पीएम मोदी कोलकाता को देंगे खास सौगात

# देश में आज से पानी के नीचे दौड़ेगी हमारी मेट्रो ट्रेन

एजेंसी | कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में बुधवार को देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो टनल का उद्घाटन करेंगे। इस अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण हुगली नदी के नीचे कराया गया है। देश में नदी के अंदर ट्रेन चलने का यह पहला प्रोजेक्ट होगा। शहरी यातायात को सुगम बनाने के लिए पीएम मोदी देश भर में कई मेट्रो और रैपिड ट्रांजिट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कोलकाता मेट्रो रेल सेवाओं की समीक्षा की थी। टनल हुगली नदी के अंदर बनाई गई 16.6 किमी दूरी की यह मेट्रो



टनल इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना है। यह न सिर्फ परिवहन का एक नया तरीका है बल्कि ट्रैफिक का दबाव कम करने के साथ-साथ शहर में वायु प्रदूषण को भी कम करेगा। यह अंडरवॉटर मेट्रो हावड़ा और कोलकाता को आपस में जोड़ेगा। इसमें कुल छह स्टेशन हैं, जिनमें से तीन भूमिगत हैं। कोलकाता मेट्रो का हावड़ा मैदान-इस्प्लेनेड सेक्शन बेहद खास है, क्योंकि यह भारत का पहला अंडरवॉटर टनल है जो नदी के अंदर है। इसमें हावड़ा मेट्रो स्टेशन सबसे गहराई में बना स्टेशन है। कोलकाता हावड़ा मैदान-इस्प्लेनेड सेक्शन के पूर्वी तरफ और पश्चिमी तरफ हावड़ा है।

### ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन सिस्टम लगा

इस मेट्रो में ऑटोमैटिक ट्रेन ऑपरेशन सिस्टम लगा है। मोटरमैन के बटन दबाते ही ट्रेन अपने आप अगले स्टेशन के लिए रवाना हो जाएगी। ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के कुल 16.6 किलोमीटर की दूरी में से 10.8 किमी का हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसमें हुगली नदी के अंदर बना टनल भी शामिल है। बाकी हिस्सा जमीन के ऊपर बनाया गया है। कोलकाता मेट्रो का लक्ष्य जून या जुलाई के आसपास साल्ट लेक सेक्टर वी और हावड़ा मैदान के बीच पूरे पूर्व-पश्चिम रूट पर कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू करना है।

### संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच

## HC के आदेश के खिलाफ SC पहुंची बंगाल सरकार

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच मंगलवार को सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने मामले में मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को शाम 4.30 बजे तक सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी की टीम पर हमले के आरोपी शाहजहां शेख को पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट के आदेश के आधार पर मंगलवार देर शाम सीबीआई ने शाहजहां शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस बीच,पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में मामले का उल्लेख किया। पीठ ने सिंघवी को इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क करने का निर्देश दिया। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की कोई तारीख तय नहीं की है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शाहजहां शेख की हिरासत सीबीआई को नहीं सौंपी। अधिकारियों ने कहा कि मामला अदालत में लंबित है, ऐसे में शेख फिलहाल बंगाल पुलिस की हिरासत में ही रहेगा।

## पीवीआर, आइनॉक्स सिनेमाघरों में होगा लाइव टेलीकास्ट

# महाशिवरात्रि पर्व बड़े पर्दे पर करेंगे एंजॉय




**बेधड़क.जयपुर।** अब जयपुराइट्स महाशिवरात्रि उत्सव को बड़े पर्दे पर भी एंजॉय कर सकेंगे और भक्ति भाव दिखाएंगे। उनकी भक्ति शक्ति के रूप में बड़े पर्दे पर आएगी तो उनका रोमांचित होना लाजिमी होगा। क्योंकि अब ऐसा ही होने जा रहा है। इसके लिए मल्टी प्लेक्स चेन पीवीआर, आइनॉक्स ने ईशा के साथ सहयोग किया है। अब महाशिवरात्रि उत्साव के 30वें वर्ष में प्रसारण पहली बार बड़े पर्दे पर होगा।

### रात भर चलेगा आयोजन

रातभर चलने वाला आयोजन 8 मार्च शाम 6 बजे से शुरू होगा। सीधे ईशा योगा सेंटर कोयंबटूर से प्रसारित होगा और सिनेमाघरों को मिली अनुमति की अवधि तक चलता रहेगा। लाइव स्क्रीनिंग जयपुर सहित भारत के 35 शहरों में 50 से ज्यादा स्क्रीन पर होगी। दर्शकों को अपने साथी भक्तों के साथ पवित्र आयोजन को देखने का सौभाग्य मिलेगा।

### रुद्राक्ष दिया जाएगा

भक्तों को आध्योत्मिक गुरु सद्गुरु द्वारा विशेष रूप से ऊर्जान्वित किया रुद्राक्ष मिलेगा। महाशिवरात्रि उत्सव में ध्यान के जबर्दस्त सत्र, सद्गुरु के प्रेरक विमर्श और जाने-माने कलाकारों की सम्मोशहक संगीत व नृत्यर प्रस्तुतियां होंगी।

### बॉलीवुड कलाकार होंगे शामिल

कलाकारों में शंकर महादेवन, गुरुदास मान, ब्रोधा वी और पैराडॉक्सं शामिल हैं। साथ ही शास्त्री य गायक और नर्तक इनका साथ देंगे। ईशा का अपना बैण्ड 'साउंड्स ऑफ ईशा' भी देशभर से आए विभिन्न कलाकारों के साथ प्रस्तुाति देगा। महाशिवरात्रि भारत के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण व पवित्र उत्सवों में से एक है। ऐसे में जयपुराइट्स को उसे पूरी तरह से एंजॉय कराने और भक्तिभाव दर्शाने के लिए ये अनूठा तरीका पहली बार लाया जा रहा है।

### कमर सीधी कर साधना करने से मिलता है प्रकृति का सहयोग

महाशिवरात्रि को पूरी रात जागने का महत्व बताते हुए ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु ने कहा कि 'इस दिन का महत्व यह है कि इसमें मानव शरीर में ऊर्जा का प्रवाह ऊपर की ओर रहता है। इसलिए रात में अपनी कमर सीधी करके जागरण करने और जागरूक रहने से हमारी किसी भी साधना को प्रकृति से काफी सहयोग मिलता है।' वहीं पीवीआर आइनॉक्सक के को-सीईओ गौतम दत्ता ने बताया कि महाशिवरात्रि का दैवीय त्योहार भारत की परंपराओं में अतुल्य महत्व रखता है। पीवीआर आइनॉक्स सिनेमा में भक्तों के लिए पहली बार इस आयोजन को सिल्वॉर स्क्रीन पर लाने के लिए ईशा के साथ गठजोड़ करना खास है।

## भगवान के दर्शन किए, कल्चर सेंटर के बारे में ली जानकारी



**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में विधायक गोपाल शर्मा ने भगवान का आशीर्वाद लेकर मंगल कामना की। उन्होंने भगवान की विशेष आरती की और हरे कृष्ण महामंत्र का जाप किया। मंदिर उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने उनका स्वागत किया और अच्छे स्वास्थय के लिए आशीर्वाद दिया। शर्मा ने मंदिर उपाध्यक्ष के साथ जीवन में भगवद गीता के महत्व और भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों पर चर्चा की और साथ ही मंदिर की अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उपाध्यक्ष अनंत शेष दास ने उन्हें चार एकड़ भूमि में निर्माणाधीन हरे कृष्ण कल्चर सेंटर के बारे में बताया, जो सबसे बड़ा कल्चर सेंटर होने वाला है।

## पुरसनाराम साहिब के जन्मोत्सव पर 191 पौंड का काटेंगे केक



**बेधड़क. जयपुर।** सिंधी समाज के प्रमुख संत स्वामी पुरसनाराम साहिब का 191वां जन्मोत्सव शुक्रवार को स्थानीय स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क सेक्टर 4 जवाहर नगर में मनाया जाएगा। पुरसनाराम साहिब मंडल अध्यक्ष साईं मुकेश साध ने बताया कि सुबह 11 बजे धर्म ध्वजा फहराई जाएगी। दोपहर 2 बजे विशाल शोभा यात्रा रवाना होगी, जो जवाहर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सेक्टर 4 स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क पहुंचेगी। यात्रा की अगुवाई गजराज करेंगे। ऊंट, घोड़े, आदि का लवाजमा शामिल होगा। स्वामीजी का चित्र बग्घी में विराजमान होगा। 301 महिलाएं एक ही रंग की वेश-भूषा में सिर पर गंगाजल पूरित कलश धारण कर मंगल गान गाती चलेंगी। मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत शाम को 4:30 बजे बालक मंडली कटनी (मध्य प्रदेश) के गायक गोरधन-दिलीप उदासी सिंधी संगीत की प्रस्तुति से दर्शकों को झुमाएंगे। रात्रि को 191 पौंड का शाकाहारी केक काटा जाएगा। पल्लव प्रार्थना के बाद महाआरती होगी। कार्यक्रम में जोधपुर, भोपाल, अहमदाबाद, दुबई, इंदौर, अजमेर, आगरा, सांभरलेक सहित कई शहरों के भक्त सम्मिलित होंगे।

## City इवेंट्स

### कवयित्रियों ने खोली नारी मन की गांठ



**बेधड़क. जयपुर।** महिला दिवस पर डॉ. राधाकृष्णन पुस्तकालय में चल रहे पुस्तक मेले में प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवयित्रियों ने नारी विषयक कविताओं का पाठ किया। कविता माथुर ने जहां जूते और चूहे शीर्षक कविताओं के बहाने समाज के अन्तर्विरोध सामने रखे, वहीं अनीता श्रीवास्तव ने साकारात्मकता के समर्थन में गीत 'राहगीरों को एक नई दिशा दिखाके चलें' सुनाया। कंचना सक्सेना ने बसंत और बाजार पर 2 रचनाओं का पाठ किया। वरिष्ठ लेखिका शशि पाठक ने सीनियर सिटीजन की पीड़ा को बयान करती रचना का पाठ किया। बीना करमचंदानी ने 'स्त्री एक किताब है' व 'हत्यारों के हाथ में नहीं है हथियार' शीर्षक कविताओं का पाठ किया। लेखिका लक्ष्मी शर्मा, डॉ. जयश्री शर्मा ने भी कविताओं का पाठ किया।

### रक्तबीज का मंचन कल

**बेधड़क. जयपुर।** ताम्हणकर थिएटर अकादमी की ओर से गुरुवार को नाटक रक्तबीज का मंचन किया जाएगा। डॉ. शंकर शेष लेखन में नाटक का निर्देशन हेमचंद्र ताम्हणकर का रहेगा। नाटक का सार है कि पुरुष प्रधान समाज ने हमेशा उसका शोषण किया है। नारी को मात्र उपभोग की वस्तु माना गया है। कुछ इन्हीं बातों के आस-पास नाटक की कहानी घूमती है।

### संगीत समारोह में जुटेंगे कलाकार



**बेधड़क. जयपुर।** प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र श्रीगैटेश्वर कला संस्थान की ओर से महाशिवरात्रि को एतिहासिक गैटोर की छतरियों पर स्थित प्राचीन शिवालय में 57वां गैटेश्वर संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। संस्था मंत्री ओपी चांडक ने बताया कि नगर निगम जयपुर हेरिटेज के सहयोग से आयोजित हर वर्ष की भांति इस बार भी संगीत समारोह में दर्जनों कलाकार देशी विदेशी पर्यटकों सहित सैकड़ों श्रोताओं के सामने क्लासिकल, सुगम, भक्ति और फोक संगीत की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कलाकार सानिया पाटणकर, शोभा जोशी के अतिरिक्त स्थानीय कलाकारों में सीकर के रामस्वरूप, बीकानेर के सांवरमल, सरदारशहर के सुनील सैनी, मीठड़ी के रेवती रमन, जयपुर के जुगल सैनी व उभरती कलाकार आंकक्षा राव आदि संगीत की सरिता बहाएंगे।

## कुशवाहा महासभा की बैठक 9 को, पोस्टर का विमोचन

# संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए मांगे जाएंगे सुझाव



**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से अखिल भारतीय कुशवाहा (सैनी-माली) महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार सुबह 9 बजे मानसरोवर में होगी। इस दौरान और समाज के सामाजिक संगठनों की समन्वय समिति के कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम के पोस्टर का मंगलवार को विमोचन किया गया। महासभा के राजस्थान अध्यक्ष गजानंद सैनी ने बताया कि इस दौरान समाज की संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए प्रभुत्वजनों और युवाओं को सुझाव देने और उनके द्वारा अभी तक किए गए कार्य पर चर्चा करते हुए समाज के लिए किए गए सकारात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज की सामाजिक, शैक्षिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक व्यवस्था में सुधार पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अन्तरराष्ट्रीय संयोजक रामेश्वर प्रसाद सैनी ने कहा कि गोत्रों की रूढ़िवादी सोच में परिवर्तन करने के लिए बैठक में अखिल भारतीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पूर्व की बैठक में पारित निर्णय दो गोत्र माता-पिता के निश्चित करने के लिए आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम से समाज के लिए सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने पर चर्चा की जाएगी। पोस्टर विमोचन में जिला प्रभारी रोशन लाल सैनी, जिला अध्यक्ष दीनानाथ कुशवाहा, गुलाब चन्द सैनी, रणजीत हरमाड़ा, विनोद भूदोली, किरोड़ी लाल सैनी आदि मौजूद रहे।

## सेमिनार में विशेषज्ञों ने रखे विचार

# कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों को मजबूत बनाने पर दिया जोर



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में एकीकृत और सतत ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 3.62 लाख करोड़ के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण संभाव्यता का अनुमान लगाया। ऋण की संभावित राशि पिछले वर्ष के अनुमान की तुलना में 32% अधिक है। ये विचार सेमिनार में रखे गए।

सेमिनार में अखिल अरोड़ा-अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) ने नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तैयार किए गए स्टेट फोकस पेपर (एसएफपी) का विमोचन किया।

इस अवसर पर नरेश कुमार ठकराल-शासन सचिव-बजट व व्यय (आईएएस), नवीन नाम्बियार-क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई, डॉ. राजीव सीवच-मुख्य महाप्रबन्धक नाबार्ड, हर्षद कुमार टी सोलंकी-संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उपस्थित रहे। अरोड़ा ने कहा कि नाबार्ड और बैंकिंग क्षेत्र न केवल विकास के भागीदार हैं, बल्कि विकास के इकोसिस्टम का एक अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों को मजबूत बनाने के साथ युवाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करके उनकी क्षमताओं का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने स्टेट फोकस पेपर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एसएफपी में आकलित ऋण संभाव्यता का उपयोग वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक ऋण योजना तैयार करने के लिए एक आधार दस्तावेज़ के रूप में किया जाएगा।

**वार्षिक समारोह** | विद्याधर नगर स्थित 'उत्सव' माहेश्वरी जन उपयोगी भवन में होगा आयोजन

# 30 प्रतिभाओं को मिलेंगे 5 स्वर्ण-25 रजत RNC अवॉर्ड

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर, प्रदेश और देश की प्रतिभाओं को जयपुर में मंच और सम्मान दोनों मिलेगा। इसके लिए रूप नारायण छीपा फाउंडेशन गुरुवार को आरएनसी पुरस्कार वार्षिक समारोह का आयोजन करेगा। इस दौरान विद्याधर नगर सेक्टर 2 स्थित 'उत्सव' माहेश्वरी जन उपयोगी भवन में सुबह 10:30 कई प्रतिभाएं शामिल होंगी। समारोह के मुख्य संयोजक मुकेश छीपा ने बताया कि मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी करेंगे।



### सामाजिक उत्थान और विकास की मुहिम

उन्होंने कहा कि रूप नारायण छीपा फाउंडेशन मानवीय मूल्यों के उन्नयन के प्रति समर्पित है। स्थापना वर्ष 2023 में हुई और गरीबी में जीवन यापन करने वाले बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सेमिनार, प्रवचनों का आयोजन करना, जातिगत ऊच-नीच की सामाजिक व्यवस्था के उन्मूलन, सामाजिक उत्थान और विकास की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए फाउंडेशन ने काम किया। संस्था द्वारा वर्ष 2024 में एक स्वर्ण पदक, पशमीना शॉल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। भारत में ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, उद्यमिता, जल व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को एक रजत पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

### राष्ट्रगान से होगी कार्यक्रम की शुरुआत

दिलीप छीपा ने कहा कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगंतुकों के समक्ष संस्था का परिचय दिया जाएगा और राज्यपाल के आगमन के बाद राष्ट्रगान होगा। फाउंडेशन उपाध्यक्ष अशोक कुमार छीपा ने बताया कि4 आरएनसी पुरस्कार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 30 नामों का चयन किया गया है। इनमें 5 स्वर्ण और 25 रजत पदक, पशमीना शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, बुधवार, 06 मार्च, 2024




प्रत्येक दिन का मूल्यांकन उस फसल से मत करो, जो तुम काटते हो, बल्कि उस बीज से करो, जो तुम बोते हो।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### रक्षा बजट बढ़ाकर चीन में अमेरिका को दिया बड़ा संकेत

# चीन का रक्षा बजट अब 230 अरब डॉलर



**एजेंसी** | बीजिंग

अमेरिका, भारत, फिलीपीन्स और ताइवान से चल रहे तनाव के बीच चीन ने अपने रक्षा बजट में भारी भरकम बढ़ोतरी की है। चीन ने इस वर्ष अपना रक्षा बजट 7.2 प्रतिशत बढ़ा दिया है। यह अब 230 अरब डॉलर पहुंच गया है जो भारत के करीब 75 अरब डॉलर के रक्षा बजट से तीन गुना ज्यादा है। चीन ने रक्षा बजट ऐसे समय पर बढ़ाया है जब उसकी अर्थव्यवस्था तबाही के दौर में गुजर रही है और दुनियाभर के विश्लेषक बीजिंग को लेकर चेतावनी दे रहे हैं। यही नहीं चीन ने ताइवान को लेकर बड़ा संकेत दुनिया को दे दिया है। चीन ने भारी भरकम बजट के बाद ताइवान के प्रति कठोर भाषा का इस्तेमाल किया है। उसने ताइवान के शांतिपूर्ण एकीकरण शब्द को हटा दिया है। माना जा रहा है कि चीन आने वाले समय में ताइवान पर सैन्य दबाव बढ़ा सकता है। चीन ने एक सरकारी वर्क रिपोर्ट में ताइवान को लेकर यह सख्त रुख अब अपनाया है। इस वर्क रिपोर्ट को चीन के प्रधानमंत्री ली किआंग ने चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में मंगलवार को पेश किया। चीन के इस रक्षा बजट पर उसके पड़ोसी देशों भारत, ताइवान, जापान और फिलीपीन्स के अलावा अमेरिका की भी नजर थी। चीन के पड़ोसी देश और अमेरिका दोनों ही बीजिंग की सैन्य मंशा को लेकर चिंतित हैं। चीन और अमेरिका के बीच सैन्य तैयारी बढ़ाने की जैसे होड़ सी लग गई है।

### 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण का लक्ष्य

चीनी सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर शी जिनपिंग के राष्ट्रपति पद के दौरान रक्षा खर्च में भारी वृद्धि हुई है, जो 2013 में 720 बिलियन युआन से बढ़कर इस साल 1.67 ट्रिलियन युआन हो गया है। यह वृद्धि वार्षिक घरेलू आर्थिक विकास लक्ष्य से अधिक है। इसी वजह से चीन के पड़ोसी और अमेरिका बीजिंग के रणनीतिक इरादों और सैन्य विकास के बारे में चिंताओं के कारण रक्षा बजट पर कड़ी नजर रखते हैं। बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नए हथियारों के अधिग्रहण के लिए किए जाने की उम्मीद है क्योंकि चीन का लक्ष्य साल 2035 तक पूर्ण सैन्य आधुनिकीकरण है।

### ताइवान भी बढ़ाएगा मिसाइल अभ्यास

यह बजट चीन में लगातार 30वें वर्ष रक्षा खर्च में वृद्धि का प्रतीक है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय और मुख्यभूमि मामलों की परिषद ने टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया है, लेकिन ताइवान के रक्षा मंत्री ने इस साल मिसाइल अभ्यास बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव के बाद, चीन के चौथे क्रम के नेता, वांग हुनिंग ने इस साल ताइवान की स्वतंत्रता के लिए किसी भी प्रयास का 'दृढ़ता से मुकाबला' करने की प्रतिबद्धता की घोषणा की है जो पिछले बयानों की तुलना में एक सख्त रुख का संकेत देता है।

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने फिर दिखाए भारत के खिलाफ तेवर

# भारतीय सैनिकों को सादे कपड़ों में भी नहीं रहने देंगे मालदीव में

**एजेंसी** | माले

चीन के साथ सैन्य समझौता फाइनल होने के बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर भारत के खिलाफ तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैनिक, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी, यहां नहीं रहेगा। मुइज्जू ने भारत विरोधी बयान ऐसे समय दिया है, जब हफ्ते भर पहले भारतीय सैनिकों को रिप्लेस करने के लिए टेक्निकल कर्मियों का पहला बैच मालदीव पहुंचा है।

राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि उनकी सरकार भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने में सफल रही है। कुछ लोग झूठी अफवाहें फैलाकर स्थिति को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ये लोग झूठी बात फैला रहे हैं कि भारतीय सेना मालदीव से नहीं जा रही है। भारतीय सैनिक सादे कपड़ों में वापस आ रहे हैं। जो लोग संदेह पैदा कर रहे हैं, हमें उनकी अफवाहों पर विश्वास नहीं करना है।



### 2 फरवरी को हुआ था द्विपक्षीय समझौता

2 फरवरी को मालदीव और भारत के बीच दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई थी। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत 10 मई तक मालदीव में तीन विमानन प्लेटफार्मों का संचालन करने वाले अपने सैन्य कर्मियों को रिप्लेस कर देगा। इस समझौते का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा हो जाएगा। मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्रॉफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है।

मुइज्जू ने कहा कि 10 मई को देश में कोई भी भारतीय सैनिक नहीं होगा। न वर्दी में और ना ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी प्रकार के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मोहम्मद मुइज्जू अपने भारत विरोधी रुख के साथ पिछले साल मालदीव की सत्ता में आए थे। शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने भारत से अपने कर्मियों को हटाने की मांग की थी।

### भारत के साथ बिगड़े रिश्ते


पिछले साल नवंबर में मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में कुछ तनाव आ गया था। व्यापक रूप से चीन समर्थक नेता के रूप में देखे जाने वाले मुइज्जू ने राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद कहा कि वह भारतीय सैन्यकर्मियों को अपने देश से बाहर निकालने के अपने चुनावी वादे को निभाएंगे। मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत के मित्र माने जाने वाले तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हरा दिया था।

### यूक्रेन ने किया अरबों का जहाज नष्ट करने का दावा

# रूस का अरबों का युद्धपोत समुद्र में डुबोया!

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। यूक्रेन ने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। नष्ट किया गया युद्धपोत की कीमत अरबों में बताई जा रही है। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था। यूक्रेनी सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि एक विशेष अभियान इकाई ने बड़े गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव को चालक रहित मगुरा वी5 से रात में नष्ट कर दिया। मगुरा वी5 यूक्रेन में डिजाइन और निर्मित था और विस्फोटक से लैस था। यूक्रेन के दावे को तत्काल स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। कीव की सेना 1500 किलोमीटर मोर्चे पर कुछ बिंदुओं पर रूसी सेना को दूर रखने के लिए संघर्ष कर रही है।






### लॉटरी से पलटी 20 दोस्तों की किस्मत

## हर दोस्त को मिलेंगे 1.7 करोड़ रुपए

**दुबई।** रोजी-रोटी की चाह में अपना मुल्क छोड़कर दुबई कमाने गए एक भारतीय की झोली में अचानक छप्पर फाड़ पैसा आ गिरा। अपने 19 दोस्तों के साथ एक ही अपार्टमेंट में रहने वाले मोहम्मद शरीफ की 15 मिलियन दिरहम की लॉटरी लगी है जो भारतीय मुद्रा में 33.85 करोड़ रुपए होते हैं। ये पैसा इतना ज्यादा है कि इससे शरीफ ही नहीं बल्कि उनके साथ रहने वाले बाकी 19 दोस्तों की किस्मत भी अचानक पलट गई है। ये सभी दोस्त मिलकर लॉटरी के टिकट खरीदते थे, इसलिए रकम सभी में बराबर बांटी जाएगी। हर दोस्त को 1.7 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### विलुप्त हो रहे जानवरों के लिए जागी उम्मीद

# IVF से बचेगी सफेद गैंडों की प्रजाति

**एजेंसी** | बर्लिन

बहुत से जानवर विलुप्त होते जा रहे हैं, गैंडे भी उनमें से एक हैं। लेकिन बर्लिन में लेबनीज इंस्टीट्यूट फॉर जू ने आईवीएफ का सफल दावा किया है। वैसे तो यह प्रयोग गैंडों पर किया गया है। हालांकि इससे दूसरे जानवरों के लिए भी उम्मीद जाग गई है।

इंसानों में तो आईवीएफ के बारे में सुना होगा। लेकिन अब जानवरों में भी इस तकनीक के सफल इस्तेमाल की उम्मीद जगी है। इसकी मदद से जानवरों को बचाने में मदद मिलेगी जो विलुप्त होने पर हैं। एक सींग वाले गैंडे पर इसका प्रयोग किया गया है और नतीजे खुश करने वाले हैं। बर्लिन में नाजिन और फातू गैंडों पर इसका प्रयोग किया क्योंकि वो प्राकृतिक तरीके से प्रेग्नेंट नहीं हो पा रही थीं। बर्लिन में लेबनीज इंस्टीट्यूट फॉर जू एंड वाइल्डलाइफ रिसर्च के लिए काम करने वाली सुसैन होल्ज ने बताया कि गैंडों में आइवीएफ को आप बड़ी कामयाबी मान सकते हैं। इस कामयाबी से हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि आने वाले समय में हम सफेद गैंडों की प्रजाति को बचा पाने में सक्षम होंगे। पहले सफेद रंग वाले गैंडे सेंट्रल अफ्रीका के जंगलों में मिलते थे। सामान्य यह अपने ग्रुप में कम हिंसक माने जाते हैं। लेकिन उस इलाके में जब राइनो का शिकार तेज हुआ तो उसका असर गैंडों की संख्या पर पड़ा। अभी भी सींग के लिए शिकार की वजह से उन पर खतरा अधिक है।



**अभी तक जो नहीं सोचा, वह किया:** इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक और रिसर्चर हिल्डरब्रैंट कहते हैं कि हमने वो कर दिखाया है जिसके बारे में अभी तक सोचा भी नहीं जाता था। सामान्य तौर पर इसे संभव भी नहीं माना जाता था। यह कामयाबी इस लिए भी अहम है क्योंकि एक बुल में आइवीएफ तकनीक का इस्तेमाल किया गया। लेकिन संक्रमण की वजह से भ्रूण सरवाइव नहीं कर सका। ऐसा कहा जाता है कि पिंजड़े में बैक्टीरिया की वजह से भ्रूण संक्रमित हो गया था। भ्रूण की उम्र महज 70 दिन थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl